संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 106 रविवार 16 फरवरी 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

### प्रयागराज में बस और बोलेरो की भिड़ंत में 10 श्रद्धालुओं की मौत,19 अन्य घायल



**प्रयागराज,15 फरवरी 2025 (ए)।** प्रयागराज में शुक्रवार देर रात भीषण सड़क हादसा हुआ है। यहां मिर्जापुर हाईवे पर बस और बोलेरो की आमने-सामने की टक्कर होने से बोलेरो सवार 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि बस सवार 19 अन्य घायल हो गए।
सूचना पर पहुंची पुलिस ने आस-पास के ग्रीमणों की मदद से घायलों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया और शवों को मोर्चरी में रखवाया।

### लव जिहाद के खिलाफ सरकारी समिति हुई गठित

**महाराष्ट्र सरकार के मंत्री ने दी ये प्रतिक्रिया**

**मुंबई,15 फरवरी 2025 (ए)।** महाराष्ट्र सरकार ने 'लव जिहाद' के खिलाफ कमेटी गठित करने पर मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा, पूरे देश में लव जिहाद के मामले बढ़ रहे हैं... जब कोई लव जिहाद को रोकने की कोशिश करता है, तो राइस शेख जैसे लोग इसका विरोध करते हैं। क्या वे लव जिहाद को बढ़ावा देना चाहते हैं?... मैं मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को इस कमेटी के गठन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।




### टेरर लिंक के चलते 3 सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

**श्रीनगर,15 फरवरी 2025 (ए)।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने टेरर लिंक के चलते राज्य के 3 सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। इनमें पुलिस का एक कांस्टेबल फिरदौस भट्ट भी शामिल है, जो पुलिस में रहते लश्कर के लिए काम करता था। उपराज्यपाल ने एक पुलिस कांस्टेबल, एक शिक्षक और वन विभाग के एक अर्दली समेत 3 सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। तीनों कर्मचारी अलग-अलग आतंकवाद से जुड़े मामलों में जेल में बंद हैं।



### मशहूर गायक प्रतुल मुखोपाध्याय का निधन



**82 साल की उम्र में ली अंतिम सांस**

**कोलकाता,15 फरवरी 2025 (ए)।** गायक और संगीत निर्देशक प्रतुल मुखोपाध्याय का शनिवार को कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल में उम्र संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे। गायक को कोलकाता के सरकारी एसएसकेएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनका लंबे समय से इलाज चल रहा था।

### महामंडलेश्वर हिमांगी सखी ने दी सनातन धर्म छोड़ने की चेतावनी



**हरिद्वार,15 फरवरी 2025 (ए)।** महाकुंभ में किन्नर अखाड़े का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर हिमांगी सखी के एक बयान ने नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है। अखाड़े में पहले से चल रहे विवाद से क्षुब्ध होकर हिमांगी सखी ने न केवल किन्नर अखाड़ा, बल्कि सनातन धर्म तक छोड़ने की चेतावनी दे दी है। उन्होंने कहा कि अखाड़े के भीतर चल रहा विवाद अब उनके सहनशक्ति से बाहर हो गया है और वह जल्द ही धर्म परिवर्तन पर विचार कर सकती हैं।

# क्या खतरे में है देश का लोकतंत्र...

## जयशंकर ने उंगली दिखाकर बता दिया तो ताकती रह गई दुनिया...

**नईदिल्ली,15 फरवरी 2025 (ए)।** यूरोप और अमेरिका खुद को लोकतंत्र का सबसे बड़ा रक्षक बताते हैं। कुछ बयानवीर अपने देश को मदर ऑफ ड्रेमोक्रेसी या प्राउड फादर ऑफ डेमोक्रेसी बताते हैं। इस कड़ी में फ्रांस, ब्रिटेन और यूएस सब डेमोक्रेसी पर लंबा चौड़ा लेक्चर झाड़ते हैं। देश के तौर पर देखें या महाद्वीप के तौर पर हर जगह ऐसे-ऐसे कांड हुए हैं, जब खुले आम लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई गईं। दूसरे शब्दों में कहें तो लोकतंत्र के उन्हीं कथित पैरोकार देशों में डेमोक्रेसी का जनाजा निकाला गया।




### जब जयशंकर ने दिखाई उंगली

जर्मनी के म्यूनिख में 14 से 16 फरवरी तक 61 वां म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन (एमएससी) चल रहा है। इस आयोजन में शामिल देश, विदेश और सुरक्षा नीति की चुनौतियों पर उच्च स्तरीय चर्चा कर रहे हैं। जयशंकर, दूसरों को लोकतंत्र का ज्ञान देने वालों पर जमकर बरसे। ऐसे लोगों को आईना दिखाते हुए लोकतंत्र की स्थिति पर बहस के दौरान जब ईएएम ने अचानक इंडेक्स फिंगर दिखाई तो लोग स्तब्ध होकर देखते रह गए।

### लाइव टू वोट अनदर डे

फोर्टिफाइंग डेमोक्रेटिक रेजिलिएंस के सत्र में जयशंकर ने पूरी दुनिया को बता दिया कि सही मायनों में एक कामयाब लोकतांत्रिक व्यवस्था कैसी होती है, वो कैसे काम करती है।
जयशंकर से जब पूछा गया कि क्या लोकतंत्र खतरे में है? तब उन्होंने अपनी तर्जनी उंगली पर लगी स्याही दिखाते हुए कहा, भारत की चुनावी प्रक्रिया में विश्वास जताने वाले लोग उसकी ताकत जानते हैं। यानी भारत का लोकतंत्र सबसे मजबूत है।.

### जयशंकर ने कहा...ये बुरी बात नहीं

जयशंकर ने कहा, मैं अपनी उंगली ऊपर उठाकर बात शुरू करूंगा और इसे बुरी तरह से लेने के जरूरत नहीं है, ये तर्जनी है। आप इस पर जो निशान मेरे नाखून पर लगा निशान देख रहे हैं, यह उस व्यक्ति का निशान है जिसने अभी-अभी मतदान किया है. हमारे देश में जिस राज्य का मैं वोटर हूं, वहां हाल ही में चुनाव हुआ था। पिछले साल, हमारे देश में आम चुनाव हुआ था। भारतीय चुनावों में, करीब दो-तिहाई पात्र मतदाता मतदान करते हैं। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में बोलते हुए उन्होंने कहा, लगभग 90 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं में से लगभग 70 करोड़ ने अपने वोटिंग राइट का इस्तेमाल किया। हम आज एक ही दिन में सारे वोटों की गिनती करते हैं। भारत से ज्यादा मजबूत लोकतंत्र कि मिसाल आपको दुनिया में कहीं और नहीं मिलेगी। लोकतंत्र में प्रचलित राजनीतिक निराशावाद से अलग और विदेशी हस्तक्षेप पर अपनी बात रखते हुए जयशंकर ने कहा, अभी हम अच्छी तरह से रह रहे हैं। अच्छी तरह से मतदान कर रहे हैं. हम अपने लोकतंत्र की दिशा के बारे में आशावादी हैं और लोकतंत्र की ताकत से हम दुनिया को राह दिखा रहे हैं. लोकतांत्रिक समाज के रूप में भारत हर महीने करीब 80 करोड़ लोगों को राशन देकर उन्हें पोषण सहायता देता है। हालांकि कुछ मामलों को लेकर कभी कभार असहज करने वाली स्थिति बन जाती हैं, कुछ चुनौतियां हो सकती हैं. ऐसे मुद्दों को सार्वभौमिक घटना के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

## पूर्व जनरल मैनेजर पर लगा 122 करोड़ के गबन का आरोप

**मुंबई,15 फरवरी 2025 (ए)।** आरबीआई द्वारा न्यू इंडिया कॉरपोरेटिव बैंक लिमिटेड से निकासी पर प्रतिबंध लगाने के बाद बैंक के महाप्रबंधक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई। मुंबई के दादर पुलिस स्टेशन में शनिवार को बैंक के कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) देवर्षि शिशिर कुमार घोष ने महाप्रबंधक हितेश मेहता और उनके सहयोगियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। देवर्षि शिशिर कुमार घोष की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में आरोप है कि महाप्रबंधक हितेश मेहता और उनके कुछ सहयोगियों ने आपराधिक षड्यंत्र रचकर बैंक में 122 करोड़ रुपए का गबन किया। महाप्रबंधक ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपने साथियों के साथ मिलकर यह घोटाला किया।




### हितेश मेहता को ईओडब्ल्यू ने किया अरेस्ट

मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक में कथित अनियमितताओं के मामले में जांच के बाद मुख्य आरोपी हितेश मेहता को गिरफ्तार कर लिया है. न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक घोटाले की जांच मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने हितेश मेहता नाम के शख्स को गिरफ्तार किया है. हाल ही में आरबीआई ने बैंक में भारी अनियमितता के कारण कई प्रकार का प्रतिबंध लगाया दिया है. इसके बाद से बैंक के ग्राहक बेहद परेशान हैं. न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक घोटाला मामले में मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बड़ी कार्रवाई की है. पूर्व जनरल मैनेजर हितेश मेहता को 122 करोड़ रुपये के फ्रॉड के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मेहता पर बैंक के पैसे हेराफेरी के आरोप हैं।

## अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ीं

### अब सीवीसी ने दिए शीशमहल की जांच के आदेश



**नईदिल्ली,15 फरवरी 2025 (ए)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढना शुरू हो गई हैं।केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने भाजपा की ओर से केजरीवाल के मुख्यमंत्री आवास यानी शीशमहल के रिनोवेशन पर किए गए खर्च को लेकर लगाए गए आरोपों की जांच के आदेश दिए हैं।इस मामले में नवंबर 2024 से ही सीवीसी के आदेश पर जांच चल रही थी। अब केजरीवाल पर शिकंजा कसता नजर आ रहा है।सीवीसी ने केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) को उन आरोपों की विस्तृत जांच करने के लिए कहा है, ।

## आप के ये तीन नेता बीजेपी में शामिल

**» दिल्ली में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने की तैयारी तेज**

**नईदिल्ली,15 फरवरी 2025 (ए)।** दिल्ली विधानसभा हारने के बाद आम आदमी पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा है। आम आदमी पार्टी के तीन पार्षद शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए है। इस तरह आगामी एमसीडी मेयर चुनाव में उसकी जीत की संभावना बढ़ गई है। पार्षदों का स्वागत करते हुए दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में केंद्र, विधानसभा और नगरपालिका स्तर पर एक 'ट्रिपल इंजन' सरकार होगी। जो तीन पार्षद बीजेपी में शामिल हुए हैं उनमें अनीता बसोया (एंड्रयूज गंज), निखिल चपराना (हरि नगर) और धर्मवीर (आर के पुरम) शामिल हैं। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने के लिए पार्षद भाजपा में शामिल हुए हैं।



## अखिलेश यादव ने की सरकार से महाकुंभ का समय बढ़ाने की मांग



**लखनऊ 15 फरवरी 2025 (ए)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सपा व्यापार सभा के अध्यक्ष मनीष जगन अग्रवाल से जुड़े मामले में भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा गलत भाषा का प्रयोग करेगी तो सपा भी उन्हीं शब्दों में जवाब देगी। सपा मुखिया ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान सपा के व्यापार सभा के अध्यक्ष मनीष जगन की गिरफ्तारी को लेकर कहा कि अब वह सपा मीडिया सेल का हिस्सा नहीं हैं। हमारी ओर से पहले गलत भाषा का प्रयोग नहीं किया गया। भाजपा लगातार भाषा की मर्यादा तोड़ रही है। अगर भाजपा के लोग अपने में सुधार लाएंगे तो सपा के लोग भी अपने आपको सुधारेंगे, ऐसा समझौता हुआ था। लेकिन, भाजपा के लोग गलत शब्द का इस्तेमाल करेंगे तो उसी भाषा में उन्हें जवाब मिलेगा।अखिलेश यादव ने सरकार से महाकुंभ का समय बढ़ाने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि सरकार से अपील है कि कई बुजुर्ग स्नान नहीं कर पाए हैं।

## ओम बिरला ने महाकुंभ में सपरिवार स्नान किया

**हरिद्वार,15 फरवरी 2025 (ए)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने महाकुंभ में सपरिवार स्नान किया । इस मौके पर संगम घाट पहुंचे श्रद्धालुओं से मिलकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। महाकुंभ को भारत की आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक बताते हुए ओम बिरला ने देशवासियों के कल्याण की कामना की। संगम में स्नान के बाद ओम बिरला ने कहा, महाकुंभ समरसता और समभाव का प्रतीक है, जो हमें सामाजिक एकता का संदेश देता है।ओम बिरला ने महाकुंभ को भारत की सांस्कृतिक धरोहर का अद्भुत उदाहरण बताया, जो हमारे देश की आस्था और परंपराओं को प्रदर्शित करता है।संगम घाट पर श्रद्धालुओं से मिलते हुए ओम बिरला ने महाकुंभ के महत्व पर जोर दिया और इसे राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में वर्णित किया।



## घोड़ी पर दूल्हे ने ली आखिरी सांस

**श्योपुर,15 फरवरी 2025 (ए)।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक शादी के दौरान घोड़ी पर सवार एक दूल्हे की मौत हो गई। इसके बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। दूल्हा और दुल्हन के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, श्योपुर में एक शादी का कार्यक्रम चल रहा था। पंडित जी जब तक सात फेरों और मंत्रोच्चार से दूल्हा-दुल्हन को सात जन्मों के लिए एक-दूसरे के साथ बंधन में बांधते, उससे पहले ही अचानक दूल्हे की मौत से हड़कंप मच गया।
दुल्हा बारात लेकर विवाह स्थल पर पहुंचा और तोरण मारने के बाद जैसे ही घोड़ी पर बैठकर स्टेज की तरफ जा रहा था तभी अचानक से दूल्हे ने दम तोड़ दिया। परिजन तुरंत उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने दूल्हे को मृत घोषित कर दिया। मौत से पहले दूल्हे ने घोड़ी उतरकर बरातियों के साथ जमकर डांस भी किया और फिर घोड़ी पर सवार होकर बारात आगे जाने लगी। दुल्हन सज-धजकर स्टेज पर दूल्हे का इंतजार करती रही लेकिन दूल्हे के आने से पहले उसकी मौत की खबर आ गई। दूल्हे की मौत से पूरे श्योपुर शहर में शोक की लहर छाई हुई है। मृतक दूल्हा प्रदीप जाट कांग्रेस के प्रदेश सचिव योगेश जाट का भतीजा था। वह एनएसयूआई का पूर्व जिला अध्यक्ष भी रह चुका है।



## मेट्रो में गेट से कूदकर यात्रियों के बाहर निकलने का मामला गरमाया



**नईदिल्ली,15 फरवरी 2025 (ए)।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो के संदर्भ में प्रतिक्रिया दी, जिसमें कुछ यात्री ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन (एएफसी) गेट से कूदकर बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं। डीएमआरसी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल के जरिए बताया कि यह घटना 13 फरवरी की शाम को जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन पर हुई थी, जो वायलेट लाइन पर है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने एक्स पोस्ट में लिखा, डीएमआरसी यह सूचित करना चाहता है कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो 13 फरवरी 2025 की शाम का है। ये जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन के वायलेट लाइन की है। इस वीडियो में कुछ यात्री एएफसी गेट को फांदकर बाहर निकलते दिख रहे हैं।

## साइबर अपराध मामले में सीबीआई ने 11 स्थानों पर छापेमारी की




**नई दिल्ली,15 फरवरी 2025 (ए)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने साइबर अपराध से संबंधित एक मामले की चल रही जांच में दिल्ली-एनसीआर में नौ स्थानों सहित दो राज्यों में 11 स्थानों पर व्यापक तलाशी ली। संघीय जांच एजेंसी ने शनिवार को कहा कि जांच एजेंसी के अधिकारियों के अनुसार, साइबर अपराध से संबंधित एक मामले की चल रही जांच में सीबीआई ने दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा सहित दो राज्यों में 11 स्थानों पर छापेमारी की।
तलाशी के दौरान करीब 1.08 करोड़ रुपये, 1000 डॉलर की विदेशी मुद्रा और 252 ग्राम सोना जब्त किया गया।

## संपादकीय

### कांग्रेस हमेशा बैकफुट पर रहेगी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा का समापन करते हुए राज्य सभा में अपनी सरकार द्वारा किए गए कायरे की फेहरिस्त पुरानी तर्ज पर एक बार फिर प्रस्तुत की कि किस तरह उनकी आर्थिक नीति आगे बढ़ रही है और किस तरह उनकी सरकार के प्रयासों से 25 करोड़ लोग गरीबों की सीमा लांघकर मध्यवर्गीय दहलीज पर पहुंचे हैं।उनके भाषण का एक प्रमुख स्वर वही था जो प्राय~ सुनाई पड़ता है। कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने फिर कहा कि उनकी प्राथमिकता परिवार है जबकि भाजपा की प्राथमिकता राष्ट्र है। कांग्रेस की कोई भी नीतियां परिवार विशेष को केंद्र में रखकर बनती हैं तो उनकी नीतियां राष्ट्र को केंद्र में रखकर बनती है। मोदी के अनुसार कांग्रेस का राज अत्यधिक धीमी आर्थिक प्रगति का राज था, जबकि एनडीए का वर्तमान शासन तीव्र आर्थिक प्रगति का है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की शासन तुष्टिकरण का शासन था जबकि एनडीए का शासन संतुष्टीकरण का है। यूं तो मोदी के भाषण में कुछ भी नया नहीं था। कांग्रेस के परिवारवाद का जो आरोप लगाते रहे हैं, उसकी ही पुनर्पुष्टि थी। विशेष बात यह थी कि उनके प्रभावी वक्तव्य के आगे कांग्रेस की निरीहता ही उजागर हो रही थी।अगर कांग्रेस का गांधी परिवार की पृष्ठभूमि और उसके गौरवशाली अतीत का मूल्यांकन करें तो मोदी का प्रहार कहीं से भी अतिवादी प्रतीत नहीं होता है। कल्पना करिए कि अगर सोनिया गांधी राजीव गांधी की पत्नी और इंदिरा गांधी की बहू नहीं होती तो क्या सचमुच में उनमें वह राजनीतिक क्षमता और भारतीय समाज को समझने की प्रतिभा थी कि वह कांग्रेस जैसी विशाल पार्टी की अध्यक्ष बनती। उससे आगे क्या राहुल गांधी सचमुच उतने क्षमतावान राजनीतिज्ञ हैं, जितना कांग्रेस के शीर्ष नेता के रूप में अथवा विपक्षी दल के रूप में होना चाहिए। जाहिर है उनकी हैसियत परिवार प्रदत्त हैसियत है जो प्राय~ कांग्रेस को दुविधा में डालती रहती है। मोदी के प्रहारों से कांग्रेस तभी बच सकती है जब वह अपने भीतर गुणात्मक और रचनात्मक परिवर्तन करे अन्यथा परिवारवाद का जो हथियार मोदी के हाथ में है वह हमेशा चलता रहेगा और कांग्रेस हमेशा बैकफुट पर रहेगी।

# भारत टेक्स 2025 भारतीय कपड़ा उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच




भारतीय कपड़ा उद्योग हमेशा से देश की अर्थव्यवस्था, परंपरा, संस्कृति और विरासत की आधारशिला रहा है। यह कृषि के बाद सबसे ज़्यादा रोजग़ार सृजन करने वाले क्षेत्रों में से एक है और भारत के सकल घरेलू उत्पाद और निर्यात में इसका महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में विशेष तौर पर वैश्विक बाज़ार में, कई कारणों से इसने अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं किया। खासतौर पर भारतीय परिधान उद्योग,जो कपड़ा मूल्य श्रृंखला का सबसे महत्वपूर्ण घटक है,ने अनुभव किया कि वह महत्वपूर्ण बाज़ारों में टैरिफ़ लाभ लेने वाले कुछ कम विकसित और अल्प-विकसित देशों के समक्ष लागत प्रतिस्पर्धा की दौड़ में पिछड़ गया और इस तरह अपनी वास्तविक क्षमता के अनुरूप प्रगति नहीं कर पाया।इस बात को ध्यान में रखते हुए वैश्विक आयात पैटर्न के साथ उत्पाद की पेशकश को फिर से जोडऩे के लिए संपूर्ण पुनर्गठन और शीघ्र क्षमता वृद्धि की आवश्यकता थी। सरकार की पीएलआई और पीएममित्र पहलों द्वारा इसका काफी हद तक समाधान निकाला गया। आत्मविश्वास से परिपूर्ण उभरता भारत अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढऩे और पूरी ताकत झोंकने के लिए तैयार था। इसी दृष्टिकोण ने 2024 में भारत टेक्स के विचार को जन्म दिया। बहुत ही कम समय में भारत टेक्स एक परिवर्तनकारी मंच के रूप में सामने आया और वह नवाचार, सहयोग तथा वैश्विक पहुंच को बढ़ावा दे रहा है। इस प्रमुख आयोजन का दूसरा संस्करण भारत टेक्स 2025 इस विरासत को जारी रखने और भारत के कपड़ा क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है। फरवरी 2024 में आयोजित पहले भारत टेक्स की शानदार सफलता के साथ आगामी संस्करण अधिक व्यापक,बेहतर और ज्यादा प्रभावशाली होने का वादा करता है। आइए, जानें कि भारत टेक्स 2025 भारत के कपड़ा उद्योग के लिए कितना महत्वपूर्ण है। भारत टेक्स 2025 अत्याधुनिक तकनीकों, व्यावसायिक अवसरों और रणनीतिक साझेदारियों को सामने लाने के लिए तैयार है। यह दुनिया भर के हितधारकों के लिए एक समन्वय केन्द्र के रूप में काम करेगा। भारत और विदेश के निर्माता, निर्यातक, डिज़ाइनर और नीति निर्माता विचारों का आदान-प्रदान करने और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक साथ मिलकर कार्य करेंगे। पारंपरिक हथकरघा से लेकर उन्नत तकनीकी वस्त्रों तक भारत की विविध वस्त्र पेशकशों को प्रदर्शित करने के लिए यह सबसे उपयुक्त मंच होगा।उच्च-स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडलों की उपस्थिति वैश्विक कपड़ा बाजार में एक विश्वसनीय, स्थिर और भरोसेमंद भागीदार के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत करेगी। इस आयोजन के दौरान किए गए समझौता ज्ञापन और रणनीतिक साझेदारी इस क्षेत्र में विदेशी निवेश, संयुक्त उपक्रम और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगी। स्थायित्व, वैश्विक कपड़ा उद्योग में एक केंद्रीय विषय बन चुका है और भारत टेक्स 2025 पर्यावरण के अनुकूल कार्य प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कस्तूरी कॉटन ब्रांड घरेलू जैविक कपास को बढ़ावा दे रहा है और यह भारत की दीर्घकालिक फाइबर खोज में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा अपने पूरे वैभव और उत्साह के साथ इसको प्रदर्शित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जैविक कपड़े, पुनर्चक्रित सामग्री और ऊर्जा-कुशल उत्पादन तकनीकों सहित स्थायी नवाचारों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। भारत टेक्स में हरित और भारत की डीकार्बोनाइजेशन एवं शुद्ध शून्य उत्सर्जन पर राष्ट्रीय रणनीति निकटता से जुड़ी हुई है। जैसे-जैसे भारत उन्नत और आवश्यक वस्त्रों में अपने नेतृत्व को आगे बढ़ा रहा है, सतत मंडप व्यवसायों को उनके संचालन और आपूर्ति श्रृंखलाओं में निरन्तरता को एकीकृत करने के लिए एक प्रारूप प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान ज्ञान सत्र नीति समर्थन के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेंगे, जो उद्योग प्रमुखों और नीति निर्माताओं को महत्वपूर्ण मुद्दों और विचारों पर चर्चा करने के लिए एक साथ लाएंगे। इस दौरान वैश्विक अनुपालन की उभरती जटिल वास्तुकला और लक्षित मार्ग दिखाने के तरीकों और साधनों पर भी विचार-विमर्श होगा। इन चर्चाओं के मुख्य निष्कर्ष भविष्य की नीति रूपरेखाओं को प्रभावित करेंगे, जिससे लंबे समय में कपड़ा उद्योग को लाभ होगा। भारत टेक्स 2025 भारतीय कपड़ा निर्माताओं को न केवल नवीनतम वैश्विक रुझानों से अवगत होने के लिए प्रोत्साहित करेगा, बल्कि उन्हें दूसरों से आगे रहने में भी सहायता प्रदान करेगा। जैसे-जैसे कपड़ा उद्योग 4.0 को अपना रहा है, भारत टेक्स अत्याधुनिक मशीनरी, स्मार्ट विनिर्माण समाधान और डिजिटल उपकरणों के प्रदर्शन के माध्यम से वस्त्रों के भविष्य को आकार देने में प्रौद्योगिकी की भूमिका को उजागर करेगा। फैशन पूर्वानुमान के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के लिए ब्लॉकचेन तकनीक के अलावा अन्य मुख्य आकर्षण होंगे। भारत टेक्स 2025 भारतीय कपड़ा निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और खुदरा विक्रेताओं से जुडऩे के लिए एक अद्वितीय मंच प्रदान करेगा। समर्पित बी2बी मैचमेकिंग सत्र और निर्यात-केंद्रित सेमिनार निर्यातकों को अपने उत्पादों को वैश्विक दर्शकों के सामने प्रदर्शित करने, गैर-पारंपरिक बाजारों के लिए दरवाजे खोलने और वर्तमान बाजारों का विस्तार करने में सक्षम बनाएंगे। भारत टेक्स 2025 सबसे उपयुक्त रूप से मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड और वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल के विचार को आत्मसात करते हुए आत्मनिर्भर भारत की सच्ची भावना को प्रदर्शित करता है। भविष्य में भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के प्रति आशान्वित है, इसलिए कपड़ा क्षेत्र इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत टेक्स 2025, अपने व्यापक एजेंडे और दृष्टिकोण के साथ, इस परिवर्तन का उत्प्रेरक साक्षी बनने और भारत को एक वैश्विक कपड़ा महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए तैयार है।

**-मिथिलेश्वर ठाकुर-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना


# बिखर रहे चूल्हे सभी,सिमटे आँगन रोज,नई सदी ये कर रही,जाने कैसी खोज



**प्रियंका सौरभ**
आर्यनगर, हिसार (हरियाणा)

पिछले कुछ समय में पारिवारिक ढांचे में काफ़ी बदलाव हुआ है। मगर परिवारों की नींव का इस तरह से कमजोर पड़ना कई चीजों पर निर्भर हो गया है। अत्यधिक महत्वाकांक्षी होना ही रिश्ते टूटने की प्रमुख वज़ह है। जब परिवारों में होड लगनी शुरू हो जाये एवं एक दूसरे के सुख-दुख से ज़्यादा परस्पर प्रतिस्पर्धा का भाव जग जाये। समझना कि परिवार अथवा रिश्ते अपनी अंतिम सांस गिन रहे है। परिवार के टूटने के कारण अचानक पैदा नहीं होते। कई बार और समस्याएँ भी हो सकती है जैसे पैसा, प्रॉपर्टी, पसंद-नापसंद आदि। छोटे-मोटे झगड़े, किसी सदस्य की अनदेखी वगैराह के चलते भी अक्सर परिवारों में मनमुटाव हो जाता है। पर जो भी हो परिवार सबसे बडे सपोर्ट सिस्टम में से एक होता है। इसलिए कोशिश करनी चाहिए की परिवार की मूल अवधारणा ज़िंदा बनी रहे और केवल मर्दस डे, फार्दस डे या सोशल मीडिया तक सीमित होकर न रह जाए। आज सभी को एक संस्था के रूप में पारिवारिक मूल्यों और परिवार के बारे में सोचने-समझने की बेहद सख्त ज़रूरत है और साथ ही इन मूल्यों की गिरावट के कारण ढूँढकर उनको दुरुस्त करने की भी ज़रूरत है। इसके लिए समाज के कर्णधार कवि / लेखकों / गायकों / नायक / नायिकाओं / शिक्षक वर्गों और अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ-साथ राजनीतिज्ञों को एक संस्था के रूप में परिवार के पतन के निहितार्थ के बारे में भी लिखना और सोचना चाहिए। खुले मंचो से इस बात पर चर्चा होनी चाहिए कि इस गिरावट के कारण क्या है? और इस गिरावट से कैसे उभरा जा सकता है? युवा कवि डॉ सत्यवान सौरभ ने इस स्थिति को अपने शब्दों में कहते हुए सही लिखा है कि-

टूट रहे परिवार हैं,
बदल रहे मनभाव।
**प्रेम जताते ग़ैर से,**
**अपनों से अलगाव॥**
**बिखर रहे चूल्हे सभी,**
**सिमटे आँगन रोज।**
**नई सदी ये कर रही,**
**सौरभ कैसी खोज॥**



परिवार,भारतीय समाज में, अपने आप में एक संस्था है और प्राचीन काल से ही भारत की सामूहिक संस्कृति का एक विशिष्ट प्रतीक है। नैतिक मजबूती के साथ-साथ यह व्यक्ति के परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों को बिना किसी हिचकिचाहट के कठिन समय में भरोसा करने के लिए लचीलापन प्रदान करता है। यह कठिनाइयों से निपटने के लिए अनैतिक साधनों के उपयोग से बचाता है। परिवार लोगों को सांसारिक समस्याओं के प्रति स्त्री के दृष्टिकोण को विकसित करने में मदद करता है। मगर वर्तमान दौर में हम संस्था के रूप में परिवार में गिरावट का कटु अनुभव झेल रहे है।

**घर-घर में मनभेद है,**
**बचा नहीं अब प्यार॥**
**फूट-कलह ने खींच दी,**
**हर आँगन दीवार॥**
**स्नेह और आशीष में,**
**बैठ गई है रार।**
**अरमानों के बाग़ में,**
**भरा जलन का खार॥**

गिरावट के प्रतीक के रूप में आज परिवार खंडित हो रहा है, वैवाहिक सम्बन्ध टूटने, आपसे भाईचारे में दुश्मनी एवं हर तरह के रिश्तों में कानूनी और सामाजिक झगड़ों में वृद्धि हुई है। आज सामूहिकता पर व्यक्तिवाद हावी हो गया है। वर्तमान स्थिति में भड़काऊ रवैया परिवारों के बिखरने का प्रमुख कारण है। परिवार के अन्य सदस्यों को उच्च आय और कम जिम्मेदारी ने विस्तारित परिवारों को विभाजित किया है। आज के अधिकांश सामाजिक कार्य, जैसे कि बच्चे की परवरिश, शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, बुजुर्गों की देखभाल आदि; बाहर की एजेंसियों, जैसे क्रेच, मीडिया, नर्सरी स्कूलों, अस्पतालों, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों, धर्मशाला संस्थानों ने ठेकेदारों के तौर पर संभाल लिए हैं जो कभी परिवार के बड़े लोगों की जिम्मेवारी होती थी।

**बड़े बात करते नहीं,**
**छोटों को अधिकार।**
**चरण छोड़ घुटने छुए,**
**कैसे ये संस्कार॥**
**कहाँ प्रेम की डोर अब,**
**कहाँ मिलन का सार।**
**परिजन ही दुश्मन हुए,**
**छुप-छुप करे प्रहार॥**

परिवार संस्था के पतन ने हमारे भावनात्मक रिश्तों में बाधा पैदा कर दी है। एक परिवार में एकीकरण बंधन आपसी स्नेह और रक्त से सम्बंध हैं। एक परिवार एक बंद इकाई है जो हमें भावनात्मक सम्बंधों के कारण जोड़कर रखता है। नैतिक पतन परिवार के टूटने में अहम कारक है क्योंकि वे बच्चों को दूसरों के लिए आत्म सम्मान और सम्मान की भावना नहीं भर पाते हैं। पद-पैसों की अंधी दौड़ से आज सामाजिक-आर्थिक सहयोग और सहायता का सफाया हो गया है। परिवार अपने सदस्यों, विशेष रूप से शिशुओं और बच्चों के विकास और विकास के लिए आवश्यक वित्तीय और भौतिक सहायता तक सिमित हो गए हैं, हम आये दिन कहीं न कहीं बुजुर्गों सहित अन्य आश्रितों की देखभाल के लिए, अक्षम और दुर्बल परिवार प्रणाली की गिरावट की बातें सुनते और देखते हैं जब उन्हें अत्यधिक देखभाल और प्यार की आवश्यकता होती है।

भविष्य में संस्था के रूप में परिवार में गिरावट समाज में संरचनात्मक परिवर्तन लाएगी। सकारात्मक पक्ष पर, भारतीय समाज में जनसंख्या की वृद्धि में कमी देखी जा सकती है और संस्था के रूप में परिवार में गिरावट के प्रभाव के रूप में हो सकता है। हालाँकि, संयुक्त परिवार से परिवार के संरचनात्मक परिवर्तनों को समझने की आवश्यकता है, कुछ मामलों में इसे परिवार प्रणाली की गिरावट नहीं कहा जा सकता है। जहाँ परिवार प्रणाली किसी सकारात्मक परिवर्तन के लिए संयुक्त परिवार से एकल परिवार में परिवर्तित होती है। वैसे भी भारतीय समाज भी परिवार के संलयन और विखंडन की अनूठी विशेषता का निवास करता है जिसमें भले ही परिवार के कुछ सदस्य अलग-अलग स्थानों में अलग-अलग रहते हैं, फिर भी एक परिवार के रूप में रहते हैं।

**बच पाए परिवार तब,**
**रहता है समभाव।**
**दुःख में सारे साथ हो,**
**सुख में सबसे चाव॥**
**अगर करें कोई तीसरा,**
**सौरभ जब भी वार॥**
**साथ रहें परिवार के,**
**छोड़े सब तकरार॥**

परिवार एक बहुत ही तरल सामाजिक संस्था है और निरंतर परिवर्तन की प्रक्रिया में है। आधुनिकता समान-लिंग वाले जोड़ों (एलजीबीटी सम्बंध) , सहवास या लिव-इन सम्बंधों, एकल-माता-पिता के घरों, अकेले रहने वाले या अपने बच्चों के साथ तलाक का एक बड़ा हिस्सा उभरने का गवाह बन रहा है। इस तरह के परिवारों को पारंपरिक रिश्तेदारी समूह के रूप में कार्य करना आवश्यक नहीं है और ये सामाजीकरण के लिए अच्छी संस्था साबित नहीं हो सकती। भौतिकवादी युग में एक-दूसरे की सुख-सुविधाओं की प्रतिस्पर्धा ने मन के रिश्तों को झुलसा दिया है।

कच्चे से पक्के होते घरों की ऊँची दीवारों ने आपसी वार्तालाप को लुप्त कर दिया है। पत्थर होते हर आंगन में फ़ूट-कलह का नंगा नाच हो रहा है। आपसी मतभेदों ने गहरे मन भेद कर दिए है। बड़े-बुजुर्गों की अच्छी शिक्षाओं के अभाव में घरों में छोटे रिश्तों को ताक पर रखकर निर्णय लेने लगे है। फलस्वरूप आज परिजन ही अपनों को काटने पर तुले है। एक तरफ़ सुख में पडोसी हलवा चाट रहें है तो दुःख अकेले भोगने पड़ रहें है। हमें ये सोचना-समझना होगा कि अगर हम सार्थक जीवन जीना चाहते है तो हमें परिवार की महत्ता समझनी होगी और आपसी तकरारों को छोड़कर परिवार के साथ खड़ा होना होगा तभी हम बच पायंगे और ये समाज रहने लायक होगा।

## कविता
### उम्मीदों संग बसंत आया है

घटती-घटना



प्रमेशदीप
आमाचानी,धमतरी
छत्तीसगढ़

अल्हड़पन से भरते जीवन में,
खुमारी से सजे इस यौवन में।
रंगों की नव सौगात लाया है,
उम्मीदो संग बसंत आया है।
जगत की अंधकार डगर में,
रिश्तो की टूटे इस संसार में।
उम्मीद की नई बाहर लाया है,
उम्मीदो संग बसंत आया है।
जगत के इस आपाधापी में,
जीवन की भूल व माफी में।
खुशियों की बारात लाया है,
उम्मीदो संग बसंत आया है।
मौरो की मोहक मादकता में,
पलाश की रंगी मोहकता में।
नव जीवन मे प्रभात लाया है,
उम्मीदो संग बसंत आया है।
चहक रहे पंछीयो के कलरव,
बदल रही है प्रकृति नित नव।
फ़िज़ा में ऋतू राज आया है,
उम्मीदो संग बसंत आया है ।
तन मन प्रफुल्लित हो जाये,
हर शैय मन को भी लुभाये।
जग में नव खुमार छाया है,
उम्मीदो संग बसंत आया है।

## कविता
### भर्ता की अरमान

घटती-घटना



चंद्रकांत खूंटे
जांजगीर चांपा
छत्तीसगढ़

वो कहती है निज ख्वाहिशों की इच्छा नही,
पूरा करना भर्ता की अरमान है।
शिशुओं के माँग पूरा करने को,
तज दिया जो खुद की पहचान है।
जो छाँव तज,धूप थाम लिये,
सुकून तज पंकिल संग्राम लिये।
अकेला राही थक जाएगा,
गृह का बोझ उठाते,उठाते।
थोड़ी सी मदद कर दूँगी,
कदम को तनिक सा जमाते।
निज रण अभी जारी है,
घर के चारदिवारी में।
नाम भी होगा,पहचान भी होगा,
समय आने की पारी में।
पढ़ रही हूँ पुस्तक,फिर स्व को पढूंगी,
इतिहास का पता नही,पर नाम तो गढूँगी।
गढूँगी पुराने घर को भी,
निज पाणि से खुद संवारूँगी।
स्वेद,परिश्रम तो कुछ नही है,
जान भी इस पर वारूँगी।।

# यू.एस. इंडिया कॉम्पैक्ट चुनौतियाँ और अवसर



**डॉ सत्यवान सौरभ**
बड़वा (सिवानी)
भिवानी,हरियाणा

संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के बीच बदलती गतिशीलता का इक्कीसवीं सदी में दुनिया के संगठित होने के तरीके पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। इस साझेदारी की क्षमता को पूरी तरह से साकार करने के लिए, दोनों सरकारों को रणनीतिक बहुपक्षीय सम्बंधों, अर्थशास्त्र और रक्षा पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। मौजूदा हालात अमेरिका-भारत सम्बंधों के दीर्घकालिक विकास के पक्ष में हैं। मुझे उम्मीद है कि भारत चुनौतियों के साथ-साथ अवसरों को भी स्वीकार करने के लिए तैयार है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प जूनियर ने 13 फरवरी, 2025 को वाशिंगटन डीसी में भारतीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आधिकारिक कार्य यात्रा के लिए स्वागत किया। राष्ट्रपति ट्रम्प और प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्र और गतिशील लोकतंत्रों के नेताओं के रूप में भारत-अमेरिका साझेदारी की ताकत की पुष्टि की, जो स्वतंत्रता, मानवाधिकार,कानून और बहुलवाद का सम्मान करते हैं। आपसी विश्वास, साझा हित, सद्भावना और सक्रिय नागरिक भागीदारी इस व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी की नींव के रूप में काम करते हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प और प्रधानमंत्री मोदी ने यू.एस. इंडिया कॉम्पैक्ट नामक एक बिल्कुल नया कार्यक्रम पेश किया, जिसका अर्थ है सैन्य साझेदारी, त्वरित वाणिज्य और प्रौद्योगिकी के लिए अवसरों को उत्प्रेरित करना, जिसका उद्देश्य इक्कीसवीं सदी में सहयोग के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में क्रांति लाना है। रणनीतिक और आर्थिक वातावरण लगातार अंतरराष्ट्रीय गठबंधनों द्वारा नया रूप ले रहे हैं। कई क्षेत्रों में, भारत के बढ़ते नवाचार और अमेरिका की तकनीकी श्रेष्ठता एक दूसरे से मिलती है। भारत को 45 बिलियन के अधिशेष से लाभ होने के साथ, द्विपक्षीय व्यापार 118 बिलियन से ऊपर चला गया। प्रगतिशील आर्थिक सम्बंधों के माध्यम से, यह साझेदारी अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को नया रूप देती है, सुरक्षा में सुधार करती है और आपसी विकास को बढ़ावा देती है। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार, रक्षा और प्रौद्योगिकी सभी में वृद्धि हुई है।

संचार संगतता और सुरक्षा समझौता और बेसिक एक्सचेंज ऐंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट जैसे महत्त्वपूर्ण समझौते, जो प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और रक्षा रसद में घनिष्ठ सहयोग की गारंटी देते हैं, पर अमेरिका और भारत ने हस्ताक्षर किए हैं। लक्षित सैन्य अभियानों के लिए भारत को अमेरिकी भू-स्थानिक खुफिया जानकारी तक पहुँच प्रदान करके, 2020 बेसिक एक्सचेंज ऐंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट समझौते ने हिंद महासागर क्षेत्र में स्थितिजन्य जागरूकता में सुधार किया। महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल जैसी पहलों ने सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी महत्त्वपूर्ण तकनीकों में सहयोग को मज़बूत किया है। भारत और माइक्रोन टेक्नोलॉजी ने 2.75 बिलियन डॉलर का सेमीकंडक्टर प्लांट बनाने के लिए मिलकर काम किया, जो आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन को बढ़ाएगा। अमेरिकी हाइड्रोकार्बन के एक महत्त्वपूर्ण आयातक के रूप में, भारत हरित ऊर्जा स्रोतों पर स्विच करने में सहायता करता है। तेल आयात के मामले में, संयुक्त राज्य अमेरिका 2024 में 413.61 मिलियन डॉलर के साथ पांचवें स्थान पर रहा। लचीली आपूर्ति श्रृंखलाएँ, विशेष रूप से आवश्यक वस्तुओं के लिए, चीन पर अपनी निर्भरता कम करने के दोनों देशों के प्रयासों का लक्ष्य हैं। भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका क्वाड राष्ट्रों का हिस्सा हैं। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार वार्ता में मुख्य बाधा टैरिफ विवाद है। भारत द्वारा अमेरिकी वस्तुओं, विशेष रूप से कृषि और तकनीकी क्षेत्रों पर उच्च टैरिफ लगाए जाने से व्यापार संतुलन प्रभावित होता है और वार्ता अक्सर बाधित होती है।

मादक पेय पदार्थों पर भारत द्वारा लगाए गए 150 प्रतिशत टैरिफ ने अमेरिकी निर्यातकों की बाजारों तक पहुँच को प्रतिबंधित करने के लिए अमेरिका की आलोचना की है। भारत में जेनेरिक दवा उद्योग सुलभ दवा की गारंटी के लिए अधिक संतुलित रणनीति का पक्षधर है, जबकि अमेरिका मज़बूत बौद्धिक संपदा सुरक्षा चाहता है। बौद्धिक संपदा सुरक्षा के बारे में चिंताओं के कारण अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ने भारत को अपनी प्राथमिकता निगरानी सूची में रखा। ई-कॉमर्स विनियमों और प्रस्तावित डेटा स्थानीयकरण कानूनों पर भारत की अलग-अलग स्थिति अमेरिकी हितों के विपरीत है। गूगल और अमेज़न जैसे अमेरिकी निगमों द्वारा इस बारे में चिंता व्यक्त की गई थी कि भारत का व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक सीमा पार डेटा प्रवाह को कैसे सीमित करेगा। अमेरिका और भारत के बीच 45 बिलियन का व्यापार घाटा बाज़ार पहुँच बढ़ाने और टैरिफ कम करने के लिए अमेरिकी दबाव को प्रेरित करता है। संयुक्त राज्य अमेरिका ने घुटने के प्रत्यारोपण और स्टेंट जैसे चिकित्सा उपकरणों पर कम टैरिफ का अनुरोध करके व्यापार असंतुलन को कम करने की मांग की। भारत के फाइटोसैनिटरी नियम जो अमेरिकी कृषि उत्पादों को प्रतिबंधित करते हैं, इस क्षेत्र में द्विपक्षीय व्यापार के विस्तार में बाधा डालते हैं। चूंकि व्यापार वार्ता ने रक्त भोजन युक्त पशु आहार के मुद्दे को हल नहीं किया है, इसलिए भारत ने अमेरिकी डेयरी आयात को प्रतिबंधित कर दिया है।

एलएनजी और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोग अमेरिका की एक प्रमुख उत्पादक के रूप में स्थिति और भारत की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं के कारण संभव हुआ है। उदाहरण के लिए, इस तरह की साझेदारी भारत को ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस के अनुपात को मौजूदा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर कुल प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण का 15 प्रतिशत करने के अपने लक्ष्य तक पहुँचने में मदद करेगी। लाभकारी शर्तों पर रक्षा हार्डवेयर का सह-उत्पादन रणनीतिक सम्बंधों को मज़बूत करते हुए भारत की अन्य देशों पर निर्भरता को कम कर सकता है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और जनरल इलेक्ट्रिक ने भारत में लड़ाकू जेट इंजन के संयुक्त निर्माण के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग और अंतरिक्ष अन्वेषण जैसी महत्त्वपूर्ण तकनीकों में घनिष्ठ सम्बंधों द्वारा सहयोगी नवाचार के अवसर प्रदान किए जाते हैं। सहकारी अंतरिक्ष अन्वेषण और चंद्र मिशन के लिए आर्टेमिस समझौते में भारत को भागीदार के रूप में स्वीकार किया गया था। घरेलू उत्पादन बढ़ाने के भारत के प्रयास अमेरिका की चीन+1 नीति के पूरक हैं, जो मज़बूत आपूर्ति श्रृंखलाओं में साझा उद्देश्यों को बढ़ावा देते हैं। उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना के माध्यम से भारत में उत्पादन बढ़ाकर, एप्पल और सैमसंग ने चीनी कारखानों पर अपनी निर्भरता कम कर दी। एक ऐसा समझौता जो अधिक व्यापक है, उसे सीमित व्यापार समझौते द्वारा सुगम बनाया जा सकता है जो बाज़ार पहुँच में सुधार और टैरिफ विवादों को निपटाने पर केंद्रित है।

भारत और अमेरिका ने कई औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम करने पर सहमति व्यक्त की, जो एक व्यापक समझौते की संभावना का संकेत देता है। व्यापार असंतुलन को हल करके विश्व स्थिरता की नींव एक मज़बूत भारत-अमेरिका गठबंधन हो सकता है।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# जिले के नगरीय निकाय निर्वाचन की मतगणना हुआ संपन्न

## नगर निगम अम्बिकापुर से महापौर पद पर भाजपा प्रत्याशी मंजूषा भगत की हुई शानदार जीत













- संवाददाता -
अम्बिकापुर,15 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के अंतर्गत हुए चुनाव की मतगणना के परिणाम आज घोषित किए गए। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी श्रीमती मंजूषा भगत ने 11,063 वोटों के अंतर से महापौर पद पर जीत दर्ज की है। अम्बिकापुर नगर निगम के 48 वार्डों में से 31 वार्डों में भाजपा,15 वार्डों में इंडियन नेशनल कांग्रेस और 2 वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी ने जीत दर्ज की। इसी तरह नगर पंचायत लखनपुर में अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सावित्री साहू ने 717 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। नगर पंचायत सीतापुर में अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी श्री प्रेमदान कुजुर ने महज 9 मतों के अंतर से जीत हासिल की। सामान्य प्रेक्षक डॉ संतोष कुमार देवांगन की उपस्थिति में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक ने विजेता अभ्यर्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

महापौर भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मंजूषा भगत को 42,836, कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. अजय तिर्की को 31,773,बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी श्री प्रकाश कुमार किस्पोट्टा 340, आम आदमी पार्टी प्रत्याशी श्री राजीव लकड़ा 251, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी प्रत्याशी श्रीमती माधुरी साडील्य 236, हमर राज पार्टी प्रत्याशी तरुण कुमार भगत 361 और नोटा में 431 मत पड़े।

वार्ड क्रमांक 01 से भाजपा प्रत्याशी कमलेश तिवारी, वार्ड क्रमांक 2 से भाजपा प्रत्याशी सुशांत घोष, वार्ड क्रमांक 03 से भाजपा प्रत्याशी निरंजन राय, वार्ड क्रमांक 04 से भाजपा प्रत्याशी विनय प्रभा तिग्गा, वार्ड क्रमांक 05 से भाजपा प्रत्याशी डॉ. शिवमंगल सिंह, वार्ड क्रमांक 06 से भाजपा प्रत्याशी श्री आलोक दुबे, वार्ड क्रमांक 07 से भाजपा प्रत्याशी श्री विपिन कुमार पांण्डे, वार्ड क्रमांक 08 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी श्री लुकस एक्का, वार्ड क्रमांक 09 से भाजपा प्रत्याशी रविकांत उरांव, वार्ड क्रमांक 10 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी श्री निमन राशि एक्का, वार्ड क्रमांक 11 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी जे. कुजूर (जेनेबिबा कुजुर), वार्ड क्रमांक 12 से भाजपा प्रत्याशी श्री मनोज गुप्ता, वार्ड क्रमांक 13 से भाजपा प्रत्याशी किरण दीपक सिंह तोमर, वार्ड क्रमांक 14 से भाजपा प्रत्याशी अनिता रविन्द्र गुप्त भारती, वार्ड क्रमांक 15 से भाजपा प्रत्याशी मनीष सिंह, वार्ड क्रमांक 16 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी गीता प्रजापति, वार्ड क्रमांक 17 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सुमन मनोज कंसारी, वार्ड क्रमांक 18 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती संध्या कंसारी, वार्डक्रमांक 19 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी शुभम जायसवाल, वार्ड क्रमांक 20 से भाजपा प्रत्याशी हरमिन्दर सिंह टिन्नी, वार्ड क्रमांक 21 से भाजपा प्रत्याशी विमला सोनी, वार्ड क्रमांक 22 से भाजपा प्रत्याशी श्वेता गुप्ता, वार्ड क्रमांक 23 से भाजपा प्रत्याशी श्री जितेंन्द्र सोनी, वार्ड क्रमांक 24 से भाजपा प्रत्याशी विजय सोनी, वार्ड क्रमांक 25 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती पूनम विद्यानंद मिश्रा, वार्ड क्रमांक 26 से भाजपा प्रत्याशी श्री विशाल गोस्वामी (दूधनाथ), वार्ड क्रमांक 27 से निर्दलीय शैलेश कुमार सिंह, वार्डक्रमांक 28 से भाजपा प्रत्याशी श्री दीपक यादव (रिंकू), वार्ड क्रमांक 29 से भाजपा प्रत्याशी विकास पांण्डेय, वार्ड क्रमांक 30 से भाजपा प्रत्याशी शशि कान्त जायसवाल, वार्ड क्रमांक 31 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी श्री कलीम भाई, वार्ड कमांक 32 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती शुभ्रा सोनी, वार्ड कमांक 33 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी मेघा खांडेकर, वार्ड क्रमांक 34 से भाजपा प्रत्याशी श्री राहूल त्रिपाठी ÷सन्नी÷, वार्ड क्रमांक 35 से भाजपा प्रत्याशी सुषमा रोचक गुप्ता, वार्ड क्रमांक 36 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी मो. मेराज रंगरेज ÷गुड्डू÷, वार्ड क्रमांक 37 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती प्रियंका गुप्ता, वार्ड क्रमांक 38 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी पपीन्दर सिंह (रवि), वार्ड क्रमांक 39 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी श्री शफी अहमद खान, वार्ड क्रमांक 40 से निर्दलीय प्रत्याशी मो. हसन खान, वार्ड क्रमांक 41 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी मो. बाबर, वार्ड क्रमांक 42 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी मो.

अख्तर फिरदौसी, वार्ड क्रमांक 43 से भाजपा प्रत्याशी ममता तिवारी, वार्ड क्रमांक 44 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती किरण साहू, वार्ड क्रमांक 45 से भाजपा प्रत्याशी श्री अशोक सोनवानी, वार्ड क्रमांक 46 से भाजपा प्रत्याशी श्री सालिम केरकेट्टा, वार्ड क्रमांक 47 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती मीला तिर्की, वार्ड क्रमांक 48 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी श्री सुभाष कुमार सिंह पार्षद पद के लिए जीत दर्ज की।

### नगर पंचायत सीतापुर में कांग्रेस की जीत

नगर पंचायत सीतापुर में अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी श्री प्रेमदान कुजुर ने 9 मतों के अंतर से जीत हासिल की। भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अमृता पैंकरा को 2,552, कांग्रेस प्रत्याशी श्री प्रेमदान कुजुर को 2,561 और निर्दलीय प्रत्याशी श्री गिरधर राम भगत को 209 प्राप्त हुए। 15 वार्डों में से 7 वार्डों में भाजपा, 4 वार्डों में कांग्रेस और 3 वार्ड में निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहे। बता दें कि 14 वार्ड में भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए थे।

### नगर पंचायत लखनपुर में भाजपा की जीत

नगर पंचायत लखनपुर में अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सावित्री साहू ने 717 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। भाजपा प्रत्याशी को 2,639, कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती शिखा रमेश जायसवाल को 1,922 और निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती अनिशा गुप्ता को 107 प्राप्त हुए। 15 वार्डों में से 10 वार्डों में भाजपा और 5 वार्डों में कांग्रेस के प्रत्याशी विजयी रहे।

## अंबिकापुर की जनता का कोटि-कोटि आभार...सबकी उम्मीदों पर खरी उतरूंगी : मंजूषा भगत



- संवाददाता -
अम्बिकापुर,15 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

नगर पालिक निगम अंबिकापुर के महापौर व पार्षद प्रत्याशियों का चुनाव परिणाम आते ही भाजपा खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई। भाजपा महापौर प्रत्याशी मंजूषा भगत 11063 वोटों से चुनाव जीतकर अंबिकापुर की पहली महिला महापौर बनीं वहीं 48 वार्डों में से 31 में भाजपा ने अपने पार्षद प्रत्याशी जिताकर वार्डों में बहुमत के साथ अपना कब्जा जमाया।

भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल तथा लूंड्रा विधायक प्रबोध मिंज के नेतृत्व में ढोल नगाड़े, पटाखे व फूल मालाओं के साथ खुशी से झूमते, नारा लगाते तथा विजयी शंखनाद करते भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की रैली मतगणना स्थल पालीटेक्निक कॉलेज से निकलकर महामाया मंदिर पहुंची जहाँ महापौर प्रत्याशी मंजूषा भगत सहित सभी विजयी पार्षद प्रत्याशियों ने मत्था टेक माँ का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विजयी भाजपा महापौर प्रत्याशी मंजूषा भगत ने आम जनता के प्रति कृतज्ञता प्रगट करते हुए कहा कि अंबिकापुर की जनता का कोटि कोटि आभार, मैं सबकी उम्मीदों पर खरी उतरूंगी और अंबिकापुर शहर को विकसित अंबिकापुर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने अंबिकापुर की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने विकास की गति को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा को वोट दिया है, भाजपा की निगम सरकार शहर का चहुंमुखी विकास करके आपके प्रत्येक वोट की कीमत चुकाएगी।

इस अवसर पर अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को आशीर्वाद के लिए आम जनता का अभिनंदन करते हुए कहा कि अंबिकापुर शहर की जनता ने नगर निगम में बीजेपी की सरकार बनाकर केंद्र व राज्य के डबल इंजन सरकार के साथ ट्रीपल इंजन को भी मजबूत कर दिया है, अब शहर के विकास में कोई कमी नहीं रहेगी।

इस अवसर पर लूंड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने आम जनता का धन्यवाद करते हुए कहा कि आज अंबिकापुर नगर निगम को अकर्मण्य पूर्ववर्ती सरकार से मुक्ति मिली है, अब भाजपा की निगम सरकार में हमारे शहर का चौतरफा विकास होगा।

इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर, नगरीय निकाय चुनाव संयोजक अखिलेश सोनी,भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरपाल सिंह भामरा,अंबिकेश केशरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भले 84 वोट से पीछे रह गया पर जो मैने घोषणा किया है वो वार्ड वासी के लिए हमेशा करूंगा...

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,15 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

लोकनायक जयप्रकाश वार्ड के कांग्रेस प्रत्याशी हिमांशु ने वार्ड के जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि भले 84 वोट से पीछे रह गया पर जो मैने घोषणा किया है वो वार्ड वासी के लिए हमेशा उपस्थित रहूंगा मैं घर में पुत्री जन्म पे 1100 और विवाह पर 3100 साथ ही प्रतिभावान टॉपर छात्रों को 2100 देने का जो वादा है अंत्येष्टि में 2 क्विंटल लकड़ी वो मैं लोकनायक वार्ड वासियों ने मुझे जो आशीर्वाद दिया है मैं वो काम आज भी करूंगा भले पार्षद के चुनाव पराजय हुआ है पर वार्ड वासियों के लिए हमेशा रहूंगा और ये वादा पूरा करूंगा.



# हत्या के प्रयास के मामले मे सरगुजा पुलिस की त्वरित कार्यवाही,मामले का किया गया गिरफ्तार

### थाना दरिमा पुलिस टीम द्वारा आरोपी के विरुद्ध की गई सख्त वैधानिक कार्यवाही

» पुलिस टीम द्वारा घटना में प्रयुक्त 01 नग टांगी का फलक एवं टांगी का बेट किया गया जप्त

» गंभीर अपराधों मे पुलिस टीम द्वारा की जा रही लगातार सख्त कार्यवाही

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,15 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियों मे संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्यवाही कर आरोपीयो की धरपकड़ की जा रही हैं, इसी क्रम मे मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी उतिम राम चौहान साकिन खजूरी थाना दरिमा द्वारा दिनांक 13/02/25 कों थाना दरिमा आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 13/02/25 कों प्रार्थी कि मौसी मीना चौहान फ़ोन कर बताई कि तुम्हारा बहनोई बरेलाल चौहान विश्रामपुर से आकर शराब के नशे में तुम्हारी माँ रतलों को गाली गलौज कर जान से मारने की नियत से टंगिया से सिर में प्राणघातक हमला किया है जिससे तुम्हारी माँ के सिर से खून निकल रहा है, बेहोशी के हालत में खटिया में पड़ी हुई है तब प्रार्थी तत्काल अपने मामा के घर पहुंचा और देखा कि प्रार्थी की माँ खून से लथपथ घर के आंगन में रखे बिस्तर में बेहोश पडी हुई थी। खून का छींटा जमीन में फैला हुआ था और बरेलाल घर का दरवाजा को लात मारकर तोड दिया था। टंगिया का बेट और टंगिया का फलक जमीन में पड़ा था। प्रार्थी के मामा की बेटी गौरी चौहान के साथ उसका पति आरोपी बरेलाल मारपीट किया था और अपने बच्चों को नशे के हालत में जमीन में पटक दिया था जिसे छुड़ाने के लिये प्रार्थी की माँ रतलो गई तो उसे आज तेरा मर्डर कर दूंगा कहकर टंगिया से सिर में प्राणघातक हमला किया है। झगडा छुडाने के दौरान सुशीता चौहान और गनेशकुंवर के साथ भी डण्डा से मारपीट किया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना दरिमा में अपराध क्रमांक 24/25 धारा 109 (1) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।




विवेधना दौरान पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले केआरोपी का पता तलाश किया जा रहा था पुलिस टीम के सतत प्रयास से मामले के आरोपी बरेलाल चौहान कों पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम बरेलाल चौहान पिता साखू राम चौहान उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम कुरूवा थाना विश्रामपुर जिला सूरजपुर का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया, पुलिस टीम द्वारा घटना मे प्रयुक्त एक नग टांगी का फलक तथा टांगी का बेंट जप्त किया गया है।आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता हैं।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी दरिमा निरीक्षक शशिकांत सिन्हा, सहायक उप निरीक्षक नेतराम पैकरा, आरक्षक जगेश्वर बघेल, संजय केरकेट्टा, राज जायसवाल, सुशील खेस सक्रिय रहे।



# डकैती के दौरान विश्वविद्यालय के छात्र की हत्या का मामला




**दुबई, 15 फरवरी 2025।** ईरान के उपराष्ट्रपति ने शनिवार को तेहरान विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन के बाद एक विश्वविद्यालय के छात्र की हत्या की जांच के आदेश दिए हैं। मामले में आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ ने सुरक्षा अधिकारियों को मामले की तुरंत जांच करने का आदेश दिया।

यह फैसला तेहरान विश्वविद्यालय के छात्रावास में अधिक सुरक्षा उपायों की मांग को लेकर गुस्साए छात्रों के विरोध प्रदर्शन के एक दिन बाद उठाया गया। सोशल मीडिया पर वीडियो के अनुसार, विरोध प्रदर्शन कुछ समय के लिए हिंसक हो गया और पुलिस ने छात्रावास के गेट पर सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया है। हालांकि, इस वीडियो फुटेज की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान शर्म करो के नारे लगाते हुए छात्रावास और उसके आस-पास अधिक सुरक्षा उपायों की मांग की, और कभी-कभार होने वाली डकैती की शिकायत भी की।

12 फरवरी बुधवार को, 19 वर्षीय छात्र आमिर मोहम्मद खालेगी को दो अज्ञात लुटेरों ने चाकू मार दिया, जिन्होंने छात्रावास के सामने उसका बैग चुरा लिया। इस हमले में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के छात्र खालेगी की अस्पताल में मौत हो गई। वहीं प्रदर्शन के दौरान आश्वासन मिलने के बाद शुक्रवार देर रात छात्रावास में शांति देखी गई। हालांकि विरोध राजनीतिक रूप से प्रेरित नहीं था।

हाल ही में, 2022 में, 22 वर्षीय महिला महसा अमीनी की मौत पर विश्वविद्यालय विरोध के प्रमुख केंद्र थे, जो कथित तौर पर बुर्का सही तरीके से न पहनने के कारण पुलिस की तरफ से हिरासत में लिए जाने के बाद पुलिस हिरासत में मर गई थी। अमीनी की मौत के बाद हुए विरोध प्रदर्शनों की शुरुआत सबसे पहले महिला, जीवन, स्वतंत्रता के नारे से हुई। हालांकि, प्रदर्शनकारियों की मांग जल्द ही मौजूदा धर्मतंत्र के खिलाफ विद्रोह के खुले आह्वान में बदल गई। महीनों तक चले राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन, जिसने पूरे प्रतिष्ठान को हिलाकर रख दिया था, 2023 की शुरुआत में सुरक्षा कार्रवाई के बाद ये प्रदर्शन खत्म हो गया, जिसके दौरान 500 से अधिक लोग मारे गए और 22,000 से अधिक हिरासत में लिए गए।



## खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा अभियानों में मारे गए सेना के चार जवान और 15 आतंकवादी

**पेशावर, 15 फरवरी 2025।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग खुफिया आधारित अभियानों में 15 आतंकवादी और चार सैनिक मारे गए। इनमें आतंकवादियों के प्रमुख नेता भी शामिल हैं। सेना की मीडिया शाखा आईएसपीआर ने यह जानकारी दी।

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के मुताबिक, ये दोनों अभियान खुफिया जानकारी के आधार पर किए गए। दोनों अभियान डेरा इस्माइल खान और उत्तरी वजीरिस्तान जिलों में चलाए गए। डेरा इस्माइल खान में सुरक्षा बलों की आतंकवादियों से मुठभेड़ हुई। इसमें नौ आतंकवादी मारे गए, जिनमें प्रमुख लक्षित आतंवादी फरमान उर्फ साकिब, अमानुल्लाह उर्फ टोरी, सईद उर्फ लियाकत और बिलाल शामिल थे। ये सभी आतंकवादी क्षेत्र में कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल थे और कानून प्रवर्तन एजेंसियों की वांटेड लिस्ट में थे।

# लखनपुर नगर पंचायत अध्यक्ष सहित 10 वार्डो में भाजपा का कब्जा कांग्रेस के पांच पार्षद निर्वाचित



**» निर्दलीय अध्यक्ष और पार्षद प्रत्याशी अनीशा गुप्ता, भूपेंद्र जायसवाल का जमानत हुआ जप्त**

**- संवाददाता -**
**लखनपुर, 15 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

नगरीय निकाय चुनाव 2025 नगर पंचायत लखनपुर के अध्यक्ष और 15 वार्डों के पार्षद पद के चुनावी परिणाम सामने आए लखनपुर नगर पंचायत अध्यक्ष पद हेतु भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सावित्री दिनेश साहू ने कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशि को पराजित कर 717 वोटो से जीत दर्ज की है। लखनपुर के 15 वार्डों में से 10 वार्डों में भाजपा के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है और सिर्फ पांच वार्डों में ही कांग्रेस के पार्षद निर्वाचित हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 5692 मतदाताओं में से 4713 मतदाताओं ने मतदान किया।

भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सावित्री दिनेश साहू को 2633 मत, कांग्रेस प्रत्याशी सीखा रमेश जायसवाल को 1922 मत निर्दलीय प्रत्याशी अनिशा गुप्ता 107 वोट मिले। 717 वोटो से भाजपा प्रत्याशी सावित्री दिनेश साहू ने जीत हासिल की है। लखनपुर नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 1 भाजपा उर्मिला विनेश खलखो, वार्ड क्रमांक 2 भाजपा दिनेश साहू ,वार्ड क्रमांक 3 भाजपा निशांत गुप्ता, वार्ड क्रमांक 4 भाजपा अमित बारी, वार्ड क्रमांक 5 कांग्रेस बबलू मझवार, वार्ड क्रमांक 6 भाजपा समी उद्दीन खान वार्ड क्रमांक 7 भाजपा नेहा सन्नी बंसल ,वार्ड क्रमांक 8 भाजपा गायत्री सचिन अग्रवाल वार्ड क्रमांक 9 भाजपा पूनम राकेश साहू, वार्ड क्रमांक 10 कांग्रेश रमेश जायसवाल वार्ड क्रमांक 11 कांग्रेस ईश्वर राजवाड़े वार्ड क्रमांक 12 कांग्रेस लक्ष्मी सिंह ,वार्ड क्रमांक भाजपा 13 में शीनू देवी ,वार्ड क्रमांक 14 बघोलन वार्ड क्रमांक 15 में राजेश सोनवानी ने जीत दर्ज की है। तो वहीं निर्दलीय अध्यक्ष प्रत्याशी अनीशा गुप्ता और वार्ड क्रमांक 3 में निर्दलीय पार्षद प्रत्याशी भूपेंद्र जायसवाल का जमानत जप्त हो गया है। 21 वोट नोटा को मिले हैं। इस बार भाजपा ने कांग्रेस के गढ़ में सेंद मारी करते हुए अल्पसंख्यकों का वोटबैंक को अपने पक्ष में किया है। लखनपुर नगर पंचायत चुनाव में भाजपा ने एक तरफा जीत दर्ज की है।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर, 15 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के मतदान के दिन सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। मतदान 17 फरवरी 2025 दिन सोमवार और 20 फरवरी 2025 दिन गुरुवार को सरगुजा जिले के निर्वाचन क्षेत्रों में आयोजित किया जाएगा। इन दिनों सभी सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य सार्वजनिक सेवाओं में अवकाश रहेगा।

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, 23 फरवरी 2025 दिन रविवार को भी मतदान होना है, लेकिन यह दिन पहले से ही शासकीय अवकाश के रूप में निर्धारित है। इसलिए इस दिन अलग से सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की आवश्यकता नहीं है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत के सदस्यों का चुनाव होना है। यह चुनाव छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और प्रशासनिक गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। मतदान प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित करने और अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह अवकाश घोषित किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी निर्वाचन अधिकारियों और कर्मचारियों को चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, मतदाताओं से अपील की गई है कि वे बड़ी से बड़ी संख्या में मतदान कर लोकतंत्र की इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# ऑनलाइन डिलीवरी कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा षड़यंत्र पूर्वक लाखो का पार्सल एवं जमा रकम गबन कर छति कारित किये जाने के मामले मे सरगुजा पुलिस की सख्त कार्यवाही

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर, 15 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

मामले का संछिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि प्रार्थी करण यादव साकिन सलोनी गुंडरदेही थाना बालोद हाल मुकाम साई मंदिर के आगे गांधीनगर द्वारा दिनांक 14/02/25 कों थाना गांधीनगर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि अमेजन कंपनी के सांई बाबा मंदिर रोड स्थित शूरा कंपनी के कार्यालय के एरिया मैनेजर किशन तिवारी और मैनेजर अरूण सिंह एक साथ मिलकर षडयंत्र कर कंपनी में डिलवरी हेतु आये पार्सल व जमा रकम में लाखों रूपये का गबन किये है प्रार्थी कि रिपोर्ट पर थाना गांधीनगर मे अपराध क्रमांक 113/25 धारा 61(2), 316(5), 318(4) बी. एन. एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**» थाना गांधीनगर पुलिस टीम द्वारा मामले मे त्वरित कार्यवाही करते हुए अमेजन कम्पनी के मैनेजर एवं एरिया मैनेजर पर की गई सख्त वैधानिक कार्यवाही**

**» आरोपियों द्वारा पार्सल कों अनाधिकृत रूप से पार्सल करवाकर रकम अर्जित कर देते थे घटना कों अंजाम, कार्यालय मे ही निवास करने से दौरान पार्सल करते थे गायब**

**» आरोपियों के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त 28000/- रुपये नगद 01 लैपटॉप, 02 नग मोबाइल किया गया बरामद**

प्रकरण की विवेचना दौरान प्रार्थी व गवाहों के कथन घटनास्थल निरीक्षण एवं प्रस्तुत दस्तावेज से पाया गया कि आरोपी किशन तिवारी शुरा कंपनी में एरिया मैनेजर का काम करता था जो अम्बिकापुर स्थित कंपनी में आने के दौरान रात्रि में कंपनी के कार्यालय में ही रहता था जो मैनेजर, सुपरवाईजर, कैशियर और डिलवरी ब्वाय को निर्देश देकर काम करवाता था। जनवरी 2025 में किशन तिवारी अपने परिचित अरूण सिंह को अम्बिकापुर कार्यालय में लाकर मैनेजर के पद पर नियुक्त करवाया था। अरूण सिंह और किशन तिवारी कंपनी के ऑफिस में रात के समय सोते थे। कंपनी के ऑफिस में सभी बचे पार्सल भी रखे होते थे। इसी दौरान कंपनी के हेड ऑफिस को अमेजन कंपनी से मेल के माध्यम से जानकारी मिली थी कि अम्बिकापुर के कार्यालय से 21 पार्सल जिनकी कुल किमत 470889 रूपये है का हिसाब नहीं मिल रहा है। दिनांक 11/02/25 को प्रार्थी को कंपनी का डिलवरी ब्वाय के माध्यम से जानकारी मिली कि कंपनी का मैनेजर अरूण सिंह ने उसे 02 पार्सल अनाधिकृत रूप से देकर उक्त समान की डिलवरी कराकर प्राप्त रूपये को अपने पास रख लिया था उक्त जानकारी प्रार्थी को प्राप्त होने के बाद वह कंपनी के वरिष्ठों को सूचना दिया जिसके बाद उसके कंपनी के अन्य डिलवरी ब्वाय से पुछताछ पर और पार्सलों को भी गलत तरिके से डिलवरी कराकर रूपये अपने पास रख लेने की जानकारी प्राप्त हुई। कंपनी के द्वारा जांच किये जाने पर आरोपियों ने डिलवरी ब्वाय को धमकी भी दिया है। उपरोक्त विवेचना से प्रथत दृष्टयां पाया गया कि एरिया मैनेजर किशन तिवारी और मैनेजर अरूण सिंह जो रात्रि में कंपनी के कार्यालय में ही सोते थे जो उसी दौरान कंपनी के पार्सल को गायब कर कंपनी के ऑन लाईन सिस्टम में उसे रांची या अन्य कंपनी में वापस कर देना बताये है दोनों मिलकर कंपनी के लैपटाप और डालफिन मशीन से भी पार्सलों को गलत तरिके से वितरण करवाकर रकम अपने पास रख लेते थे। प्रकरण की विवेचना दौरान आरोपियों के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करने का सबुत पाये जाने से आरोपी अरुण सिंह एवं कुषाण तिवारी कों हिरासत मे लेकर पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपियों द्वारा अपना नाम (01)अरूण सिंह आत्मज विजय बहादुर सिंह उम्र 43 वर्ष निवासी हाउस नंबर 1367 महामाया बिहार रोड वेयर हाउस रोड बिलासपुर व अमेलिया थाना न्यू राम नगर मैहर हा0मु0 अमेजन कार्यालय अम्बिकापुर सांई बाबा मंदिर रोड थाना गांधीनगर (02) किशन तिवारी आत्मज नारायण प्रसाद तिवारी उम्र 29 वर्ष निवासी भारती नगर चौक थाना सिविल लाईन बिलासपुर हाल मुकाम अमेजन कार्यालय सांई बाबा रोड थाना गांधीनगर सरगुजा का होना बताये आरोपियों से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपियों के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त 28000/- रुपये नगद 01 लैपटॉप, 02 नग मोबाइल बरामद किया गया हैं, आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायाक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं।



सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक मोरध्वज देशमुख, उप निरीक्षक रश्मि सिंह, महिला आरक्षक तेजश्वरी राजवाड़े, आरक्षक अजय मिश्रा, धीरज सिंह, घनश्याम देवांगन सक्रिय रहे।

# जिले के 02 नगरपालिका एवं 03 नगर पंचायत में मतगणना सम्पन्न

## नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम घोषित

**- संवाददाता -**
**बलरामपुर, 15 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के नगर पालिका परिषद बलरामपुर एवं रामानुजगंज तथा नगर पंचायत वाड्रफनगर, राजपुर एवं कुसमी के अध्यक्ष एवं पार्षदों के लिए मतगणना का कार्य शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। मतगणना पश्चात् संबंधित क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की गई। ज्ञातव्य है कि नगर पालिका परिषद बलरामपुर एवं रामानुजगंज तथा नगर पंचायत वाड्रफनगर, राजपुर एवं कुसमी के लिए 11 फरवरी 2025 को मतदान हुआ था तथा नगर पालिका परिषद बलरामपुर के लिए शासकीय कन्या महाविद्यालय बलरामपुर, नगर पालिका परिषद रामानुजगंज के लिए तहसील कार्यालय रामानुजगंज, नगर पंचायत कुसमी के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमी, राजपुर के लिए शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर तथा वाड्रफनगर के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय वाड्रफनगर को स्ट्रांग रूम बनाया गया था। बलरामपुर में प्रेक्षक श्री लोकेश कुमार, अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी श्री आर.एस.लाल, सहायक रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम बलरामपुर श्री अमित श्रीवास्तव एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को खोला गया तथा मतगणना कि प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इसी प्रकार नगरपालिका रामानुजगंज तथा नगर पंचायत वाड्रफनगर, राजपुर एवं कुसमी में रिटर्निंग अधिकारी एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोलकर मतगणना प्रारंभ किया गया।






### अध्यक्ष

मतगणना में नगर पालिका परिषद बलरामपुर में अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी श्री लोधीराम एक्का बहुमत से विजयी हुए। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद रामानुजगंज में अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी श्री रमन अग्रवाल, नगर पंचायत वाड्रफनगर के अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी श्री मानसिंह, नगर पंचायत राजपुर के अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी श्री धरम सिंह तथा नगर पंचायत कुसमी के अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस के श्री राजेन्द्र भगत बहुमत से विजयी हुए।

### पार्षद

नगर पालिका परिषद् बलरामपुर में वार्ड क्रमांक-1 से भाजपा प्रत्याशी श्री सेवक राम, वार्ड क्रमांक-2 से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती बिरजिनिया केरकेट्टा, वार्ड क्रमांक-3 से भाजपा प्रत्याशी श्री संदीप एक्का, वार्ड क्रमांक-4 से भाजपा प्रत्याशी श्री दिलीप सोनी, वार्ड क्रमांक-5 से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती रीना मसीह, वार्ड क्रमांक-6 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता, वार्ड क्रमांक-7 से निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती रिमी चौरसिया, वार्ड क्रमांक-8 से भाजपा प्रत्याशी श्री योगेश गुप्ता, वार्ड क्रमांक-9 से भाजपा प्रत्याशी श्री शिवा राम, वार्ड क्रमांक-10 भाजपा प्रत्याशी श्री प्रवीण गुप्ता, वार्ड क्रमांक-11 से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती शकिना परवीन, वार्ड क्रमांक-12 से निर्दलीय प्रत्याशी श्री अमित गुप्ता, वार्ड क्रमांक-13 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सरोज लकड़ा, वार्ड क्रमांक-14 से भाजपा प्रत्याशी श्री गौतम सिंह तथा वार्ड क्रमांक-15 से भाजपा प्रत्याशी श्री राकेश सिंह बहुमत से विजयी हुए।

नगर पालिका परिषद रामानुजगंज में वार्ड क्रमांक-1 से भाजपा प्रत्याशी श्री सुमित गुप्ता, वार्ड क्रमांक-2 से भाजपा प्रत्याशी श्री सुरेश दास पुरी, वार्ड क्रमांक-3 से भाजपा प्रत्याशी श्री अरुण नागवंशी, वार्ड क्रमांक-4 से कांग्रेस प्रत्याशी श्री प्रतीक सिंह, वार्ड क्रमांक-5 से भाजपा प्रत्याशी श्री विजय रावत, वार्ड क्रमांक-6 से भाजपा प्रत्याशी श्री विकास गुप्ता, वार्ड क्रमांक-7 से भाजपा प्रत्याशी श्री अर्जुन दास, वार्ड क्रमांक-8 से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती रूपवंती जायसवाल, वार्ड क्रमांक-9 से भाजपा प्रत्याशी श्री रमेश गुप्ता, वार्ड क्रमांक-10 भाजपा प्रत्याशी श्री पवन कुमार गुप्ता, वार्ड क्रमांक-11 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मनिषी गुप्ता, वार्ड क्रमांक-12 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती शीला जायसवाल, वार्ड क्रमांक-13 से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती पुष्पा दशरथ ठाकुर, वार्ड क्रमांक-14 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ऊषा गुप्ता तथा वार्ड क्रमांक-15 से भाजपा प्रत्याशी श्री सिद्धांत यादव बहुमत से विजयी हुए।

नगर पंचायत वाड्रफनगर में वार्ड क्रमांक-1 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती नुजहत अब्दुल अंसारी, वार्ड क्रमांक-2 से भाजपा के प्रत्याशी श्री हिर्षिकेश यादव, वार्ड क्रमांक-3 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती शारदा भगत, वार्ड क्रमांक-4 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती कैनात रूही अब्दुल, वार्ड क्रमांक-5 से भाजपा प्रत्याशी श्री रामकुमार कुशवाहा, वार्ड क्रमांक-6 से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती पूनम सिंह, वार्ड क्रमांक-7 से भाजपा प्रत्याशी श्री विकास कुमार श्रीवास, वार्ड क्रमांक-8 से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती साक्षी हिमांशु जायसवाल, वार्ड क्रमांक-9 से कांग्रेस प्रत्याशी श्री विकास भारती, वार्ड क्रमांक-10 भाजपा प्रत्याशी श्री चंदन कुशवाहा, वार्ड क्रमांक-11 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती चन्द्रावती आयाम, वार्ड क्रमांक-12 से कांग्रेस प्रत्याशी श्री बसंतलाल धुर्वे, वार्ड क्रमांक-13 से भाजपा प्रत्याशी श्री पंकज कुमार गुप्ता, वार्ड क्रमांक-14 से कांग्रेस प्रत्याशी श्री राजेन्द्र कुशवाहा तथा वार्ड क्रमांक-15 से कांग्रेस प्रत्याशी श्री शिवमंगल आयाम बहुमत से विजयी हुए।

नगर पंचायत राजपुर में वार्ड क्रमांक-1 से निर्दलीय प्रत्याशी श्री सुंदरसाय पोर्ते, वार्ड क्रमांक-2 से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती आरती देवी, वार्ड क्रमांक-3 से भाजपा प्रत्याशी श्री जवाहर लाल पैकरा, वार्ड क्रमांक-4 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती निर्मला शर्मा, वार्ड क्रमांक-5 से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती नेहा चौबे, वार्ड क्रमांक-6 से निर्दलीय प्रत्याशी विश्वास कुमार गुप्ता, वार्ड क्रमांक-7 से भाजपा प्रत्याशी श्री महेन्द्र कुमार गुप्ता, वार्ड क्रमांक-8 से भाजपा प्रत्याशी श्री संजय सिंह, वार्ड क्रमांक-9 से निर्दलीय प्रत्याशी श्री राजन त्रिपाठी, वार्ड क्रमांक-10 भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मंजू बंसल, वार्ड क्रमांक-11 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती दीप कुमारी पैकरा, वार्ड क्रमांक-12 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अंजू भगत, वार्ड क्रमांक-13 से भाजपा प्रत्याशी श्री सुनील अग्रवाल, वार्ड क्रमांक-14 से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल कुमार भारती तथा वार्ड क्रमांक-15 से भाजपा प्रत्याशी भगवती भगत बहुमत से विजयी हुए।

नगर पंचायत कुसमी में वार्ड क्रमांक-1 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती हिरामनि बाई, वार्ड क्रमांक-2 से भाजपा प्रत्याशी श्री अजय सिंह, वार्ड क्रमांक-3 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अंजू सिन्हा, वार्ड क्रमांक-4 से भाजपा प्रत्याशी श्री लरंगसाय उरांव, वार्ड क्रमांक-5 से भाजपा प्रत्याशी श्री पारसनाथ पाल, वार्ड क्रमांक-6 से कांग्रेस प्रत्याशी श्री अमरनाथ, वार्ड क्रमांक-7 से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी श्री सकील अंसारी, वार्ड क्रमांक-8 से कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद वाहिद अली, वार्ड क्रमांक-9 से कांग्रेस की प्रत्याशी शना सैफी, वार्ड क्रमांक-10 से भाजपा प्रत्याशी आनन्द जायसवाल, वार्ड क्रमांक-11 से भाजपा प्रत्याशी श्री बृज किशोर राम, वार्ड क्रमांक-12 से कांग्रेस प्रत्याशी विनिता टोप्पो, वार्ड क्रमांक-13 से भाजपा प्रत्याशी संतोष कुमार, वार्ड क्रमांक-14 से निर्दलिय प्रत्याशी सुशीला लकड़ा, वार्ड क्रमांक-15 से भाजपा प्रत्याशी श्री किरता राम बहुमत से विजयी हुए।

# वकील ने डॉक्टर को हराया मंत्री की बची साख

# पूर्व विधायक की राजनीति पर लगा पूर्ण विराम!

**चिरमिरी में भाजपा प्रत्याशी के जीतते ही डॉ विनय जयसवाल की राजनीति पर लगा ग्रहण?**

**वर्तमान मंत्री व विधायक की जीत मानी जा रही है चिरमिरी व मनेंद्रगढ़ नगरीय निकाय की जीत**

**वकील के सर पर सजा चिरमिरी के महापौर का ताज...अब भ्रष्टाचार नहीं होगा होगा विकास**

## दैनिक घटती-घटना का अनुमान एक बार फिर हुआ सही साबित...चिरमिरी,मनेंद्रगढ़,पटना में मिली भाजपा को जीत


भाजपा के नवनिर्वाचित महापौर रामनरेश राय जीत का प्रमाण पत्र लेते हुए


रामनरेश राय की जश्न यात्रा

### कमल खिलते ही बोले भाजपा प्रत्याशी राम नरेश राय

आज की जीत जनता जनार्दन के नाम है, यह जीत भाजपा के एक एक कार्यकर्ताओं की जीत है, भाजपा कार्यकर्ताओं ने कड़ी परिश्रम के बाद कमल खिलाया है और इसका पूरा लाभ अब स्वास्थ्य मंत्री के मार्गदर्शन में चिरमिरी को मिलेगा। चिरमिरी में अब विकास की गंगा बहेगी और हम स्वच्छ चिरमिरी ही नहीं बल्कि सुदृढ़ चिरमिरी बनाने का काम करेंगे। चिरमिरी का चहुमुखी विकास स्थायित्व, रोजगार, शिक्षा और जागरूक चिरमिरी का रूप होगा।

### नगर पालिका मनेंद्रगढ़ में भी खिला कमल

आदर्श आचार संहिता लगते ही मनेंद्रगढ़ विधानसभा के विधायक व प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री नगरीय निकाय में भाजपा का कमल खिलाने के लिए रात दिन एक करते रहे। विधानसभा क्षेत्र के एक एक कार्यकर्ताओं से मुलाकात, चुनाव की कुशल रणनीति, और प्रदेश सरकार के 13 महीनों के कार्यकाल को घर घर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है, खासतौर पर भाजपा प्रत्याशियों के टिकट को लेकर नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने के बाद चुनाव में प्रत्यक्ष रूप से उन्हें उतारकर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार कराने में सफल रहे और इसी का परिणाम रहा कि भाजपा चिरमिरी, मनेंद्रगढ़ और झगराखंड में ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

### बैंड बाजे के साथ भाजपा प्रत्याशियों को पहुंचाया गया घर

नगरीय निकाय चुनाव 2025 में मतों की गिनती पूर्ण होने के बाद भाजपा प्रत्याशियों का जोरदार स्वागत कार्यकर्ताओं ने किया और जनता का आभार जताते हुए भाजपा प्रत्याशियों को कार्यकर्ताओं ने घर तक पहुंचाया। इस दौरान जगह जगह भाजपा प्रत्याशियों का स्वागत शहर के आम नागरिकों ने फूलों की वर्षा कर की।

### भाजपा की जीत के जश्न में झूमे निर्दलीय प्रत्याशी बलदेव दास

2025 का चुनाव परिणाम जितना दिलचस्प रहा उतना ही दिलचस्प जीत का जश्न रहा। नगर पालिक निगम चिरमिरी 2025 के चुनाव में कांग्रेस से बागी हुए निर्दलीय प्रत्याशी बलदेव दास चुनाव के नतीजे आते ही काफी हर्षित दिखे। दरअसल कांग्रेस से बगावत कर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उतरे बलदेव दास कांग्रेस के हार के बाद खुशी मनाते दिखे, उनकी नाराजगी कांग्रेस द्वारा महापौर के टिकट वितरण को लेकर था और भाजपा के जीत और कांग्रेस के हार के बाद बलदेव दास डीजे के धुन में थिरकते नजर आए,बलदेव दास ने अपनी हार से उतना दुखी नहीं हुए जितना कांग्रेस के हार पर खुश दिखे। स्थानीय नगरीय निकाय चुनाव का यह पर्व आज अंतिम परिणाम तक भाजपा का कमल खिलने के साथ समाप्त हुआ।

-रवि सिंह-
एमसीबी,15 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

एक बार फिर दैनिक घटती-घटना का अनुमान सही साबित हुआ एमसीबी जिले के इकलौते नगर निगम व इकलौते नगर पालिका में भाजपा का कब्जा दर्ज हुआ, जहां नगर निगम में भाजपा प्रत्याशी अधिवक्ता रामनरेश राय ने पूर्व विधायक डॉक्टर विनय जायसवाल को हराकर अपने मंत्री की साख बचाई तो वही अपने मंत्री के विरोधी पूर्व विधायक को हराकर उसकी राजनीतिक भविष्य पर भी पूर्णविराम लगा दिया,वही मनेंद्रगढ़ नगर पालिका में भाजपा प्रत्याशी प्रमिला यादव ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रभा पटेल को करारी शिकस्त दी जहां प्रभा पटेल कुशल राजनीतिज्ञ और नेत्री थीं वहीं भाजपा की नए चेहरे वाले प्रत्याशी ने उन्हें हराकर उनके राजनीति के विजय रथ को रोक दिया। इस तरह स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के नेतृत्व में नगर निगम व नगर पालिका में नए चेहरों पर जीत मिली जो किसी आश्चर्य से कम नहीं था...वहीं भाजपा का नया चेहरों पर दांव लगाना भाजपा के लिए सही साबित हुआ। दैनिक घटती घटना ने जो भी अनुमान लगाया था आखिर उन्हीं सारे अनुमान के अनुसार ही भाजपा प्रत्याशी को जीत मिली जनता ने ट्रिपल इंजन की सरकार ही चुनना ज्यादा मुनासिब समझा, पुराने चेहरे के विरोध की लड़ाई लड़ने से भी भाजपा बच गई और नए चेहरे पर दांव लगाकर जीत हासिल कर लिया वहीं कांग्रेस को पुराने चेहरे ही ले डुबे। आपको बता दे की नगरीय निकाय चुनाव 2025 में ऐतिहासिक जीत भारतीय जनता पार्टी ने दर्ज की। भारतीय जनता पार्टी के मेयर प्रत्याशी राम नरेश राय कांग्रेस प्रत्याशी डॉ विनय जायसवाल को 5692 वोट से पीछे छोड़ते हुए 18891 मत प्राप्त किए वही कांग्रेस को 13199 मतों से संतोष करना पड़ा। नगर पालिक निगम चिरमिरी प्रदेश का हाई प्रोफाइल सीट माना जा रहा था और यही वजह रहा कि विभिन्न चैनलों ने अपने एक्जिट पोल में भाजपा को हार के कटघरे में खड़ा कर दिया था लेकिन जैसे ही मतों की गिनती शुरू हुई एक एक कर मिलता बढ़त भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाई, चिरमिरी की जनता का जनादेश भाजपा के साथ कमल खिलाया। इसी तरह नगर पालिक निगम चिरमिरी के 40 वार्डों में 27 पार्षद भाजपा के जीत दर्ज किए वही 11 कांग्रेस और 2 निर्दलीय पार्षद प्रत्याशी विजई हुए।


मनेंद्रगढ़ की नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष जीत का प्रमाण-पत्र लेते हुए...


नवनिर्वाचित महापौर रामनरेश राय का मुंह मीठा कराते समर्थक


रामनरेश राय की जीत पर खुशी मनाते स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल


घटती घटना | कोरिया-सूरजपुर-समाचार | अम्बिकापुर,गुरुवार 13 फरवरी 2025 | 5

एमसीबी जिले में चिरमिरी नगर निगम व मनेंद्रगढ़ नगर पालिका में भाजपा की बन सकती है शहर सरकार

यदि इन दोनों जगह पर बनी सरकार तो स्थानीय मंत्री का बढ़ेगा कद | चिरमिरी नगर निगम भाजपा प्रत्याशी को 16000 से 16500 मत मिलने की उम्मीद है... | कांग्रेस प्रत्याशी को 12500 से 13000 मत मिलने का रुझान | 7000 मत निर्दलीय के खाते में जा सकता है... | चिरिमिरी नगर निगम में 36210 कुल मत पड़े जिसके अनुसार कुछ ऐसे ही रुझान आ रहे हैं...

दैनिक घटती-घटना में प्रकाशित खबर जिसमें बताया या भाजपा की जीत


समर्थकों को अभिनंदन करते नवनिर्वाचित महापौर रामनरेश राय व स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल

### न्यूज़ चैनलों के रुझान के विपरीत आया मनेंद्रगढ़ व चिरमिरी का परिणाम

भाजपा रामनरेश राय 18891 कांग्रेस विनय जायसवाल 13199 निर्दलीय बलदेव दास 1976 निर्दलीय प्रेम शंकर सोनी 1133 गोंडवाना 259, दैनिक घटती घटना ने रुझान में जैसा बताया था लगभग परिणाम भी उसी के आसपास देखने को मिले, वही न्यूज़ चैनलों के रुझान के विपरीत आया मनेंद्रगढ़ व चिरमिरी का परिणाम।

### मंत्री की बची साख तो पूर्व विधायक के राजनीतिक भविष्य पर लगा पूर्णविराम

चिरमिरी नगर निगम चुनाव में जहां स्वास्थ्य मंत्री की साख बच गई वहीं पूर्व विधायक मनेंद्रगढ़ के राजनीतिक भविष्य पर अब पूरी तरह पूर्ण विराम लग गया। पूर्व विधायक को टिकट इस विश्वास के आधार पर दिया गया था कि वह जीतकर आयेंगे और कांग्रेस की साख बचाएंगे लेकिन वह हार गए वह भी एक नए ऐसे चेहरे से जो कहीं से राजनीतिक अनुभव वाला नहीं था। पूर्व विधायक काफी अनुभवी और खुद को चाणक्य मानते थे वहीं इस चुनाव में असली चाणक्य स्वास्थ्य मंत्री साबित हुए और उन्होंने पूर्व विधायक को पटखनी दे डाली। पूर्व विधायक की राजनीतिक भूल थी जो उन्होंने महापौर के चुनाव के लिए हांथ पैर मारा और टिकट लाया। कुल मिलाकर उन्होंने खुद के पैर पर कुल्हाड़ी मार ली।

### नए प्रत्याशियों पर दांव लगाना भाजपा के लिए साबित हुआ फायदेमंद

भाजपा ने हर जगह नए नए प्रत्याशियों पर दांव लगाया और सभी दांव उसका फायदेमंद साबित हुआ। चिरमिरी मनेंद्रगढ़ सहित जहां जहां नए प्रत्याशियों पर भाजपा ने दांव लगाया सभी जगह भाजपा को सफलता मिली। स्वास्थ्य मंत्री की रणनीति काफी हद तक जीत के लिए कारगर साबित हुई।

### ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने में जनता ने दिखाई रुचि

चिरमिरी सहित हर जगह जनता ने ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने में रुचि दिखाई। चिरमिरी सहित प्रदेश के लगभग नगर निगम में भाजपा का कमल खिला और यह जीत यह बतलाती है कि जनता ने ट्रिपल इंजन की सरकार का चुनाव करना मुनासिब समझा और इसे समझदारी माना। जनता ने माना कि और यह मानकर मतदान किया कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है और ऐसे में नगर सरकार भी भाजपा की होगी तभी विकास होगा और यही सोचकर जनता ने मतदान किया है और भाजपा प्रत्याशियों को जीत दिलाई है।

### कांग्रेस को पूर्व विधायक के विरोध ने हरवाया चुनाव

पूर्व विधायक और उनकी पत्नी का कार्यकाल ही पूर्व विधायक की हार का कारण बना। पूर्व विधायक और उनकी पत्नी के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार को जनता ने जाना समझा और उसका ही असर रहा की पूर्व विधायक चुनाव हार गए।सेनिटाइजर घोटाला हो या अन्य घोटाला सभी के कारण और आपदा को अवसर में बदलकर लाभ कमाने में रत रहने के कारण ही जनता ने पूर्व विधायक को चिरमिरी से बाहर का रास्ता दिखा दिया।

### एमसीबी जिले में मुस्लिम मतदाताओं ने भी जताया भाजपा पर भरोसा

एमसीबी जिले के नगरीय निकाय चुनाव परिणाम की यदि समीक्षा की जाए तो जिले के नगरीय निकाय चुनावों में मुस्लिम मतदाताओं ने भी भाजपा पर भरोसा जताया ऐसा कहना गलत नहीं होगा। कई ऐसे वार्डो में भाजपा के पार्षद प्रत्याशी जीत दर्ज कर ले गए जहां मुस्लिम मतदाताओं की संख्या निर्णायक थी कहा जाए तो महापौर और अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के जीत का आंकड़ा भी यह बतलाता है कि मुस्लिम मतदाताओं ने भाजपा पर या यह कहें स्वास्थ्य मंत्री पर जमकर भरोसा जताया। एक तरह से स्वास्थ्य मंत्री ने मुस्लिम मतदाताओं को कहीं न कहीं भाजपा की तरफ आकर्षित किया उन्हें विश्वास दिलाया कि भाजपा उनके लिए बेहतर है और वही भाजपा की जीत बड़ी जीत का कारण बना।

### मनेंद्रगढ़ में भी विधायक की दावेदार मानी जाने वाली पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी को भाजपा की नए चेहरे वाली प्रत्याशी ने दी करारी शिकस्त

मनेंद्रगढ़ में निवर्तमान अध्यक्ष की हार हुई , हार भी नई चेहरे से भाजपा के उन्हें मिली।कांग्रेस प्रत्याशी विधायक पद की दावेदार मानी जा रही थीं और यह हार उनकी अब उनके भी राजनीतिक भविष्य को पूर्ण विराम दे गया। कांग्रेस की अध्यक्ष पद की प्रत्याशी को हराने वाली भाजपा की नई अध्यक्ष बिल्कुल नई थीं और वह एक तरह से निवर्तमान अध्यक्ष के लिए उनका राजनीतिक भविष्य समाप्त करने वाली साबित हुईं।

## चरमिरी नगर निगम चुनाव के आंकड़े

**नगर पालिक निगम 40 वार्डों का विवरण निर्वाचन 2025**

| क. | वार्ड | अभ्यर्थी | दल | प्राप्त मत | जीत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | रमेश लाल पंडो | कांग्रेस | 665 | भाजपा |
| 2 | | संतोष सिंह | भाजपा | 738 | |
| 3 | | यामवती | जीजीपी | 91 | |
| 1 | 2 | राम औतार | भाजपा | 629 | भाजपा |
| 2 | | सुनील कुमार | कांग्रेस | 369 | |
| 1 | 3 | जगेसरी देवांगन | भाजपा | 313 | भाजपा |
| 2 | | सुरेश चौधरी | कांग्रेस | 138 | |
| 3 | | मुजिबुर रहमान | निर्द | 89 | |
| 4 | | सागर कुमार हथेल | निर्द | 169 | |
| 1 | 4 | गुलाम साबिर | कांग्रेस | 522 | कांग्रेस |
| 2 | | कार्तीवासो | भाजपा | 354 | |
| 3 | | संजय चकवर्ती | निर्द | 55 | |
| 1 | 5 | रूकमणी सिंह | भाजपा | 448 | भाजपा |
| 2 | | संगीता | कांग्रेस | 188 | |
| 3 | | उषा | निर्द | 336 | |
| 1 | 6 | संदीप सोनवानी | भाजपा | 495 | भाजपा |
| 2 | | शिव महाराणा | कांग्रेस | 439 | |
| 1 | 7 | कलावती | भाजपा | 526 | भाजपा |
| 2 | | सुमित्रा विश्वकर्मा | कांग्रेस | 433 | |
| 1 | 8 | ललिता | कांग्रेस | 361 | भाजपा |
| 2 | | मोती प्रधान | भाजपा | 414 | |
| 1 | 9 | दीपा जायसवाल | भाजपा | 298 | भाजपा |
| 2 | | शबनम परवीन | कांग्रेस | 196 | |
| 3 | | बेबी कुमारी | निर्द | 233 | |
| 4 | | सोनू भारती | निर्द | 72 | |
| 1 | 10 | नरेन्द्र साहू | भाजपा | 481 | भाजपा |
| 2 | | ओम प्रकाश | कांग्रेस | 281 | |
| 3 | | खोलबहरा यादव | निर्द | 174 | |
| 4 | | रथ लाल | निर्द | 74 | |
| 5 | | उत्तम साहनी | निर्द | 93 | |
| 1 | 11 | बाबी | भाजपा | 275 | भाजपा |
| 2 | | तारा | कांग्रेस | 214 | |
| 1 | 12 | पूर्वा स्थापक | भाजपा | 529 | भाजपा |
| 2 | | शाहिन पाराशर | कांग्रेस | 397 | |
| 1 | 13 | मनोज डे | भाजपा | 485 | भाजपा |
| 2 | | शिवांश जैन | कांग्रेस | 394 | |
| 1 | 14 | अनीश यादव | भाजपा | 565 | कांग्रेस |
| 2 | | माधुरी कश्यप | कांग्रेस | 638 | |
| 3 | | गणेशी | निर्द | 82 | |
| 1 | 15 | देव सिंह | कांग्रेस | 348 | भाजपा |
| 2 | | देवकरन सिंह | भाजपा | 454 | |
| 1 | 16 | पूजा सिंह | भाजपा | 377 | भाजपा |
| 2 | | राजकुमार | कांग्रेस | 235 | |
| 3 | | प्रकाश | निर्द | 237 | |
| 1 | 17 | अनुसुईया चौहान | भाजपा | 332 | भाजपा |
| 2 | | परस टांडिया | कांग्रेस | 205 | |
| 1 | 18 | धर्मेंद्र त्रिपाठी | भाजपा | 286 | कांग्रेस |
| 2 | | अनीश | कांग्रेस | 307 | |
| 1 | 19 | भागवत निर्मलकर | भाजपा | 389 | भाजपा |
| 2 | | ज्योति | कांग्रेस | 253 | |
| 1 | 20 | कमलेश कुमार | कांग्रेस | 317 | भाजपा |
| 2 | | रंजीत कुमार | भाजपा | 764 | |
| 1 | 21 | फिरोजा बेगम | कांग्रेस | 388 | निर्द |
| 2 | | गंगा सक्सेना | भाजपा | 227 | |
| 3 | | शालिनी कश्यप | निर्द | 531 | |
| 4 | | अनिता पूरन | निर्द | 47 | |
| 1 | 22 | बबिता विश्वकर्मा | कांग्रेस | 171 | निर्द |
| 2 | | उषा भोई | भाजपा | 258 | |
| 3 | | रूकमणी केवट | निर्द | 321 | |
| 1 | 23 | धर्मेंद्र केवट | भाजपा | 340 | कांग्रेस |
| 2 | | मो. इकराम | कांग्रेस | 350 | |
| 3 | | कालिका प्रसाद | निर्द | 192 | |
| 1 | 24 | हिमांशु जायसवाल | भाजपा | 205 | कांग्रेस |
| 2 | | मो. शहाबुददीन | कांग्रेस | 389 | |
| 1 | 25 | गंगा प्रसाद | भाजपा | 429 | भाजपा |
| 2 | | प्रभाकर त्रिपाठी | कांग्रेस | 67 | |
| 3 | | हरभजन | निर्द | 168 | |
| 1 | 26 | अंजू | कांग्रेस | 337 | भाजपा |
| 2 | | हीराबाई चौहान | भाजपा | 480 | |
| 1 | 27 | बबली सोनमान | भाजपा | 224 | कांग्रेस |
| 2 | | रजनी चौहान | कांग्रेस | 486 | |
| 3 | | राधा पनग्रहा | निर्द | 67 | |
| 4 | | शांति देवी | निर्द | 55 | |
| 1 | 28 | नीलम सालूजा | भाजपा | 455 | भाजपा |
| 2 | | सन्नी पाण्डेय | कांग्रेस | 347 | |
| 3 | | अज्जू पेंटर | निर्द | 157 | |
| 1 | 29 | मनीष खटिक | भाजपा | 608 | भाजपा |
| 2 | | सोहन खटिक | कांग्रेस | 382 | |
| 3 | | हर्ष अग्रवाल | निर्द | 272 | |
| 1 | 30 | सन्नी चौहथा | कांग्रेस | 557 | कांग्रेस |
| 2 | | उमेश पनग्रहा | भाजपा | 312 | |
| 3 | | अजय चौहान | निर्द | 57 | |
| 4 | | रोशन लाल खुरसेल | निर्द | 273 | |
| 1 | 31 | दिनेश कुमार | कांग्रेस | 300 | भाजपा |
| 2 | | संध्या सोनवानी | भाजपा | 417 | |
| 1 | 32 | सदाशिव बारिक | कांग्रेस | 298 | भाजपा |
| 2 | | सरोज पनिका | भाजपा | 356 | |
| 3 | | कुलदीप तांडिया | निर्द | 208 | |
| 4 | | शिवराम बेहरा | निर्द | 42 | |
| 1 | 33 | आयुषी राय | कांग्रेस | 113 | भाजपा |
| 2 | | बिंदु यादव | भाजपा | 334 | |
| 3 | | गीता दास | निर्द | 57 | |
| 4 | | नेहा सोनवानी | निर्द | 200 | |
| 1 | 34 | फणिन्द्र मिश्रा | भाजपा | 495 | कांग्रेस |
| 2 | | राहुल पटेल | कांग्रेस | 502 | |
| 1 | 35 | अहमद गुड्डू | कांग्रेस | 499 | कांग्रेस |
| 2 | | वाहिद | भाजपा | 360 | |
| 1 | 36 | अजय बघेल | कांग्रेस | 273 | भाजपा |
| 2 | | आयुषी सिंह | भाजपा | 311 | |
| 1 | 37 | दीपा दुबे | कांग्रेस | 530 | कांग्रेस |
| 2 | | रिंकी सिंह | भाजपा | 272 | |
| 1 | 38 | रूकसाना अंसारी | कांग्रेस | 219 | भाजपा |
| 2 | | संजीत सिंह | भाजपा | 338 | |
| 1 | 39 | संगीता सेन | भाजपा | 510 | भाजपा |
| 2 | | शिवानी | कांग्रेस | 421 | |
| 1 | 40 | बीरबल साह | भाजपा | 233 | कांग्रेस |
| 2 | | गायत्री बिरहा | कांग्रेस | 271 | |
| 3 | | अनिल कुमार | निर्द | 252 | |
| 4 | | दुर्गा प्रसाद | निर्द | 132 | |
| | | योग | | 34852 | |

| | |
|---|---|
| भाजपा | 27 |
| कांग्रेस | 11 |
| निर्दलीय | 2 |
| कुल | 40 |

| | |
|---|---|
| भाजपा पार्षदो को कुल मत | 16316 |
| कांग्रेस पार्षदो को कुल मत | 13800 |

Prepared By Rajendra Das

# मनोनीत अध्यक्ष पद की कुर्सी ठुकराने वाली गायत्री सिंह बनी निर्वाचित होकर पटना की प्रथम नगर पंचायत अध्यक्ष

## कांग्रेस से बगावत करके निर्दलीय प्रत्याशी ने कांग्रेस से छीना प्रथम नगर पंचायत अध्यक्ष पद का ताज

## कांग्रेस आपसी लड़ाई में हार गई नगर पंचायत पटना चुनाव

## दो भाजपा नेताओं के विरोध का भाजपा प्रत्याशी पर भी दिखा असर,हारते-हारते बचीं

## कांग्रेस पार्टी के अंदरूनी कलह ने भाजपा को दे दी नगर पंचायत अध्यक्ष पटना की कुर्सी

## भाजपा के दो दिग्गज नेता भी हारे,चुनावी राजनीति से ले लेना चाहिए सन्यास

## भाजपा का होगा अध्यक्ष तो कांग्रेस बना सकती है अपना उपाध्यक्ष

## पूर्व जिलाध्यक्ष नहीं जीता पाए अपना वार्ड,तो वही दो दिग्गज नेता हार गए वार्ड पार्षद का चुनाव

## जिस वार्ड को भाजपा जीता हुआ मान रही थी वही दोनों वार्ड में भाजपा को मिली करारी हार

-रवि सिंह-
कोरिया/पटना, 15 फरवरी 2025
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले में एक ही नगरीय निकाय चुनाव था वह भी पहली बार बना पटना नगर पंचायत का नगरीय चुनाव जहां पर पहले से ही चुनाव काफी रोमांच से भरा रहा, पहले तो नगर पंचायत बनने का विरोध होता रहा फिर अंततः जब चुनाव हुआ तो यहां पर दोनों राष्ट्रीय पार्टी अपने अध्यक्ष पद के प्रत्याशी व पार्षद प्रत्याशियों के लिए चयन में कशमकश में लगी रही, अंततः सब चीज तय हो गई और फिर चुनाव मैदान में जीतने के लिए दोनों राष्ट्रीय पार्टी दमखम के साथ चुनावी प्रचार में जुट गए वहीं निर्दलीय प्रत्याशी भी अध्यक्ष बनने के लिए पूरा दमखम के साथ मैदान में कूदे जहां राष्ट्रीय पार्टी अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए लगी रही वहीं निर्दलीय प्रत्याशी रैशुन कुरैशी कड़ी टक्कर देते हुए मैदान में जितने का प्रयास करती रहीं, जहां सभी मुकाबले को कांग्रेस व भाजपा प्रत्याशी के बीच मान रहे थे वहीं जब परिणाम आया तो मुकाबला निर्दलीय व भाजपा प्रत्याशी के बीच निकला जहां पर भाजपा प्रत्याशी ने निर्दलीय प्रत्याशी को 109 मतों से हरा दिया और प्रथम नगर पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी हासिल कर ली। नगर पंचायत की प्रथम कुर्सी जिसने हासिल की उन्होंने मनोनीत अध्यक्ष पद को ठुकरा दिया था पर अंततः वह किस्मत की धनी निकली और निर्वाचित होकर प्रथम नगर पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर विराजमान हो गई, इतिहास के पन्नों में गायत्री सिंह का नाम दर्ज हो गया है जब भी पटना नगर पंचायत के प्रथम अध्यक्ष की बात होगी तो इनका नाम गर्व से लिया जाएगा। अब पटना नगर पंचायत के इतिहास में प्रथम अध्यक्ष के तौर पर गायत्री सिंह की पहचान हमेशा के लिए रहेगी। गायत्री सिंह जहां अभी तक किसी राजनीतिक दल से सरोकार नहीं रखती थीं लेकिन उन्होंने जब राजनीतिक दल का चुनाव किया तो उन्होंने भाजपा का चुनाव किया जो उनके लिए कहीं ना कहीं काफी फायदेमंद रहा ,विरोध के बावजूद उन्हें अध्यक्ष पद के लिए जीत मिली जो भाजपा व भाजपा प्रत्याशी दोनों के लिए अहम है।


नवनिर्वाचित पटना नगर पंचायत अध्यक्ष पद की उम्मीदवार जीत का प्रमाण पत्र लेते हुए


पटना नगर पंचायत अध्यक्ष पद के आंकड़े

| प्रत्यासी | गायत्री सिंह | श्रद्धा पांडे | रैशुन कुरैशी | पिंकी गुप्ता | नोटा |
|---|---|---|---|---|---|
| मत की संख्या | 1293 | 861 | 1184 | 205 | 13 |

### पटना नगर पंचायत के नवनिर्वाचित पार्षद

| वार्ड क्रमांक | प्रत्याशी | राजनितिक दल |
|---|---|---|
| वार्ड नंबर 01 | सुरेन्द्र कुमार | कांग्रेस |
| वार्ड नंबर 02 | अभिरण सिंह | भाजपा |
| वार्ड नंबर 03 | निर्मला पोया | भाजपा |
| वार्ड नंबर 04 | परेश कुमार सिंह | कांग्रेस |
| वार्ड नंबर 05 | कुंवर साय घसिया | कांग्रेस |
| वार्ड नंबर 06 | राजेश कुमार सोनी | कांग्रेस |
| वार्ड नंबर 07 | प्रमिला सिंह | भाजपा |
| वार्ड नंबर 08 | गौरव अग्रवाल | निर्दलीय |
| वार्ड नंबर 09 | वसीम खान | कांग्रेस |
| वार्ड नंबर 10 | ज्योति देवांगन | भाजपा |
| वार्ड नंबर 11 | अमित कुमार सिंह | निर्दलीय |
| वार्ड नंबर 12 | रेखा वर्मा | भाजपा |
| वार्ड नंबर 13 | मोहम्मद वसीम खान | कांग्रेस |
| वार्ड नंबर 14 | रुचि सुजीत सोनी | कांग्रेस |
| वार्ड नंबर 15 | सौरभ कुमार सिंह | कांग्रेस |


जीतने के बाद अध्यक्ष प्रत्याशी को बधाई देते हुए उनके समर्थक


जीत के बाद भाजपाई अपने पार्षद व अध्यक्ष के साथ


भाजपा के जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी अपने जीते हुए पार्षद प्रत्याशी व अध्यक्ष प्रत्याशी को स्वागत करते


पार्षद जितवाने वाले कांग्रेसी जश्न में डूबे


संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन | घटती घटना | सूरजपुर-कोरबा-सरगुजा-समाचार | अम्बिकापुर,गुरूवार 13 फरवरी 2025 | 6

रुझानों में पटना नगर पंचायत में भाजपा की बनती दिख रही है सरकार

भाजपा प्रत्याशी गायत्री सिंह को 1400 से 1450 तक मिल सकता है वोट

कांग्रेस प्रत्याशी को 1100 से 1150 मत मिलने का अनुमान

निर्दलीय प्रत्याशी रैशुंन कुरैशी को 900 से 1000 मत मिलने का अनुमान

बाकी के खाते में 250 से 300 मत जा सकते हैं...

पटना नवीन नगर पंचायत अध्यक्ष पद की प्रथम कुर्सी किसकी होगी?

भाजपा के 5 से 6 पार्षद कांग्रेस के 4 से 5 पार्षद और निर्दलीय 4 से 5 पार्षद

उपाध्यक्ष पद के लिए होगी लंबी लड़ाई

मतदान के दूसरे दिन आराम करते दिखे प्रत्याशी

प्रत्याशियों में परिणाम को लेकर चिंता बनी हुई

चुनाव में संबंध भी हुए खराब

### दैनिक घटती-घटना के अनुमान पर एक बार फिर लगी मोहर

दैनिक घटती-घटना ने पहले ही यह जता दिया था कि पटना में अध्यक्ष पद की कुर्सी भाजपा की झोली में जाएगी और 5 से 6 पार्षद जीतकर भाजपा के आयेगे। दैनिक घटती-घटना की खबर पर यह मुहर लगने वाली बात साबित हुई और वही अनुमान सही साबित हुआ जो दैनिक घटती-घटना ने लगाया था।

### भाजपा ने अध्यक्ष बनाकर मनाया जश्न तो वहीं कांग्रेस ने 8 पार्षद जीतकर मनाया जश्न

भाजपा ने अध्यक्ष निर्वाचित करने के लिए जितनी मेहनत की उसके बदौलत उन्होंने प्रथम नगर पंचायत पटना का अध्यक्ष निर्वाचित कर लिया 109 मतों से उन्हें जीत दर्ज की, पर 15 वार्डों में से सिर्फ पांच वार्डों में ही पार्षद जीत पाए भाजपा के, वहीं कांग्रेस 15 में से आठ वार्डों में अपने पार्षद जिताने में कामयाब हो गई, वही दो निर्दलीय पार्षद भी जीतकर आए। इस तरह जहां भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी को जीताकर जश्न में डूबी रही तो वहीं कांग्रेस 8 पार्षद जीतकर जश्न में दिखी।

### दो बड़े चेहरे जो भाजपा के पार्षद प्रत्याशी थे चुनाव हारे

वार्ड क्रमांक 1 व वार्ड क्रमांक 6 में भाजपा ने अपने बड़े और मजबूत नेताओं को चुनाव में उतारा था, जो खुद में अपने आप में एक शख्सियत है, एक सोनी समाज के नेतृत्व करते हैं तो दूसरे की पूरी भाजपा को जीत दिलाने में अहम भूमिका रहती है, पर इन दोनों नेताओं की हार हर किसी को भी आश्चर्य में डाल रही है किसी ने नहीं सोचा था कि यह नेता हार जाएंगे वहीं एक वार्ड और है जिसे 14 नंबर वार्ड कहा जाता है इस वार्ड से भी भाजपा को हारने की उम्मीद नहीं थी पर इस वार्ड से भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी के बीच टाई हो गया दोनों को बराबर मत मिले फिर बाद में सिक्का उछालकर इसका फैसला किया गया, जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी जीत गए कांग्रेस प्रत्याशी को यहां पर सबसे कमजोर प्रत्याशी माना जा रहा था और उनका हारना तय था पर जब परिणाम आया तो भाजपा प्रत्याशी की ही हार हुई।

### पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अपना वार्ड भी नहीं जीत पाए...

पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जवाहरलाल गुप्ता वार्ड नंबर 9 के प्रभारी थे इस वार्ड में भी वह अपने पार्षद प्रत्याशी को जीता नहीं पाए, यहां पर भाजपा पार्षद प्रत्याशी को हार मिली तो वहीं कांग्रेस प्रत्याशी जीत दर्ज करने में सफल रहे, वहीं इसी के बगल का वार्ड नंबर 11 जहां पर वह अपने दुकान से बैठकर राजनीति करते हैं उस वार्ड कि भाजपा प्रत्याशी को भी जीत नहीं दिला पाए, वहां पर निर्दलीय ने जीत दर्ज करने में सफलता पाई।

### क्या जिस कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी ने भाजपा के दिग्गज नेता को हराया क्या कांग्रेस उसे बनाएगी नगर पंचायत का उपाध्यक्ष?

कांग्रेस भले ही अध्यक्ष का चुनाव हार गई लेकिन पार्षदों के मामले में कांग्रेस सबसे अधिक पार्षद जीताकर लाई और एक तरह से वह बहुमत में उपाध्यक्ष पद के लिए। कांग्रेस के आठ पार्षदों में से सबसे बड़ी जीत वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद की मानी जा रही है जिन्होंने भाजपा के कद्दावर नेता को हराने में कामयाबी हासिल की। अब कांग्रेस क्या वार्ड क्रमांक 6 के अपने पार्षद को उपाध्यक्ष बनाएगी? वैसे सभी का मानना है कि यह कांग्रेस के लिए पटना की राजनीति में लौटने का भी मार्ग प्रशस्त करेगा, क्योंकि वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद सोनी समाज से आते हैं और सोनी समाज का इस चुनाव में पूरा समर्थन भाजपा को नहीं मिला और सोनी समाज ने कहीं न कहीं भाजपा प्रत्याशी को आंशिक रूप से मतदान किया और ऐसे में सोनी समाज का उपाध्यक्ष बनाकर कांग्रेस पटना की राजनीति में पैठ जमा सकती है।

### कांग्रेस बना सकती है नगर पंचायत पटना का उपाध्यक्ष

कांग्रेस अपने 8 पार्षदों के साथ सबसे ज्यादा पार्षद वाली पार्टी बनकर पटना चुनाव में जीतकर आई है। कांग्रेस का उपाध्यक्ष बनना लगभग तय है। अब केवल कांग्रेस उपाध्यक्ष किसे बनाती है यही बस देखना बाकी है शेष उपाध्यक्ष उसका बनना तय है।

### भाजपा जिलाध्यक्ष का बढ़ा कद,निर्णय सही साबित होने पर जमकर नाचे जिलाध्यक्ष

भाजपा जिलाध्यक्ष ने परिणाम आते ही जमकर ठुमके लगाए और खूब नाचते नजर आए। उनका निर्णय सही साबित हुआ और गायत्री सिंह चुनाव में अध्यक्ष पद पर बाजी मार ले गई यह उनकी जीत पर नाचने का जिलाध्यक्ष का कारण था। जिलाध्यक्ष का कद एक तरह से संगठन में प्रदेश स्तर तक बढ़ गया क्योंकि उन्होंने अनारक्षित सीट से आदिवासी महिला को टिकट दिया और वह जीत गई जो उनके खाते में सफलता नाम से जुड़ गया हमेशा के लिए।

### यदि बगावत हुआ तो निर्दलीय के साथ उपाध्यक्ष बनाने में भाजपा को भी मिल सकती है सफलता

यदि कांग्रेस में पार्षदों में उपाध्यक्ष पद को लेकर खींचतान हुई और आम सहमति नहीं बन पाई तो ऐसे में बगावत की बात सामने आयेगी और ऐसे में भाजपा निर्दलीय दो पार्षदों के साथ समीकरण तय कर ले जाएगी।वैसे कांग्रेस में बगावत शायद ही हो और आम सहमति से वार्ड क्रमांक 6 से जीतकर आने वाले पार्षद को उपाध्यक्ष बनाया जाना तय माना जा रहा है।

### निर्दलीय को मिलना तय था समर्थन,कई कारणों से निर्दलीय रहीं दूसरे स्थान पर

इस चुनाव में निर्दलीय को समर्थन मिलना तय था जिसके कई कारण थे जिसमें गायत्री सिंह का 10 साल का कार्यकाल और उसका विरोध जिसे सत्ता विरोधी लहर कहना सही होगा वहीं भाजपा नेताओं का विरोध। कुलमिलाकर दूसरे स्थान पर रही निर्दलीय प्रत्याशी की जगह और कोई होता वह जीत सकता था फिर भी दूसरे स्थान पर रहने वाली प्रत्याशी को मिला विरोध स्वरूप समर्थन।

# पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी से पहले आईसीसी रैंकिंग में हुआ तगड़ा नुकसान

» टीम इंडिया अब भी पहले ही नंबर पर काबिज





**नई दिल्ली,15 फरवरी 2025 ।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज होने में अब सिर्फ कुछ दिन का समय बचा है और उससे पहले आईसीसी की तरफ से जारी की गई लेटेस्ट वनडे टीम रैंकिंग में टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाली पाकिस्तान की टीम को तगड़ा नुकसान हुआ है। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान की टीम अपने घर पर न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के साथ ट्राई सीरीज खेल रही थी, जिसके फाइनल मुकाबले में उन्हें कीवी टीम के खिलाफ 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जिसके चलते पाकिस्तानी टीम को वनडे टीम रैंकिंग में भी नुकसान का सामना करना पड़ा। इससे पहले आईसीसी की तरफ से जारी की गई टीम रैंकिंग में पाकिस्तान की टीम भारत के बाद दूसरे स्थान पर काबिज थी, लेकिन वह एक स्थान नीच खिसक गई है।

### ऑस्ट्रेलिया फिर पहुंची दूसरे नंबर पर, पाकिस्तान तीसरे पर

पाकिस्तान की टीम जो पहले वनडे टीम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर थी उसे फाइनल मैच में मिली न्यूजीलैंड टीम के खिलाफ हार के बाद एक स्थान का नुकसान उठाना पड़ा और अब वह 107 रेटिंग प्वाइंट के साथ तीसरे नंबर पर पहुंच गई है। ऑस्ट्रेलियाई टीम जिसको भले ही श्रीलंका के खिलाफ 2 मैचों की वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा वह फिर से दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। ऑस्ट्रेलियाई टीम के 110 रेटिंग प्वाइंट हैं। वहीं ट्राई सीरीज में सभी मुकाबले जीतने वाली न्यूजीलैंड की टीम वनडे रैंकिंग में 105 रेटिंग प्वाइंट के साथ चौथे नंबर पर काबिज है।

### भारतीय टीम का पहले स्थान पर काफी समय से कब्जा बरकरार

वनडे टीम रैंकिंग में भारतीय टीम अपना दबदबा बनाए रखने में पिछले काफी समय से कामयाब है, जिसमें वह पहले स्थान पर काबिज है। टीम इंडिया के 119 रेटिंग प्वाइंट हैं जिसमें उसे अभी इस स्थान से हटाना बाकी टीमों के लिए बिल्कुल भी आसान काम नहीं है। इसके अलावा अन्य टीमों की स्थिति को देखा जाए तो उसमें श्रीलंका जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया को 2 मैचों की वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप किया है वह 99 रेटिंग प्वाइंट के साथ छठे नंबर पर हैं, जबकि इंग्लैंड 7 वें, बांग्लादेश 8 वें और अफगानिस्तान की टीम 9वें नंबर है।



# कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई में दुबई रवाना हुई टीम इंडिया

» 20 फरवरी को बांगलादेश टीम से होगा मुकाबला

**नई दिल्ली,15 फरवरी 2025 ।** पाकिस्तान की मेजबानी में 19 फरवरी से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज होगा जिसको लेकर इसमें हिस्सा लेने वाली 8 टीमों में से 7 जहां पाकिस्तान पहुंच रही हैं तो वहीं भारतीय टीम दुबई के लिए 15 फरवरी को रवाना हो गई है, जहां वह इस टूर्नामेंट में अपने मुकाबले खेलेगी। टीम इंडिया के स्क्वाड का काफी पहले ही ऐलान हो गया था जिसमें रवानगी से पहले 2 बदलाव देखने को मिले। भारतीय टीम के लिए इस टूर्नामेंट में कप्तानी की जिम्मेदारी रोहित शर्मा संभाल रहे हैं, जिनके नेतृत्व टीम इंडिया ने साल 2024 में हुए टी 20 वर्ल्ड कप को अपने नाम किया था। टीम इंडिया को इस अहम टूर्नामेंट में अपना पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश की टीम के खिलाफ खेलना है।

### दुबई की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए भारतीय स्क्वॉयड में 5 स्पिनर्स को मिली जगह

रोहित शर्मा की कप्तानी में दुबई के लिए रवाना हुई भारतीय टीम में वहां की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए 5 स्पिनर्स को जगह मिली है, जिसमें कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती को जगह मिली है। टीम इंडिया की जब चैंपियंस ट्रॉफी के लिए स्क्वाड का ऐलान हुआ था तो उसमें जसप्रीत बुमराह को जगह मिली थी, लेकिन उनके पूरी तरह से फिट नहीं होने की वजह से वह टूर्नामेंट से बाहर हो और उनकी जगह पर हर्षित राणा को शामिल किया गया है। इसके अलावा वरुण चक्रवर्ती को यशस्वी जायसवाल के जगह पर स्क्वाड का हिस्सा बनाया गया। इस अहम टूर्नामेंट से पहले भारतीय टीम ने घर पर इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली है, जिसके तीनों ही मुकाबलों को वह अपने नाम करने में कामयाब रही और इसमें कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों ही खिलाड़ी अपने फॉर्म को वापस पाने में भी कामयाब रहे।

### पाकिस्तान से 23 फरवरी को होगा मुकाबला

भारत और पाकिस्तान के फैंस को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में 23 फरवरी का काफी बेसब्री से इंतजार है, जिसमें इस दिन टीम इंडिया का ग्रूप-ए में दुबई के मैदान पर मेजबान पाकिस्तान के साथ मुकाबला होगा। टीम इंडिया के सभी मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 पर शुरू होंगे। भारतीय टीम को ग्रुप स्टेज का अपना आखिरी मुकाबला 2 मार्च को न्यूजीलैंड की टीम के खिलाफ खेलना है। यदि टीम इंडिया फाइनल तक का सफर तय करने में कामयाब होती है तो वह खिताबी मुकाबला भी दुबई के मैदान पर ही खेलेगी।

## ब्राइटन के खिलाफ चेल्सी की 0-3 से हार के बाद मारेस्का ने बताया इसे सबसे खराब प्रदर्शन



**ब्राइटन, 15 फरवरी 2025।** चेल्सी के मैनेजर एंजो मारेस्का ने अपनी टीम की हार पर नाराजगी व्यक्त की है। उनकी टीम को शुक्रवार को ब्राइटन एंड होव एल्बियन के खिलाफ 0-3 की करारी हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने इसे अपनी टीम का अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन बताया।चेल्सी पूरे मैच में एक भी सही शॉट नहीं लगा सकी और कोई गोल नहीं हुआ। इस मैच में ब्राइटन के काओरू मितोमा ने शानदार गोल कर स्कोरिंग की शुरुआत की। इसके बाद यानकुबा मिन्टेह ने दो और गोल दागे और ब्राइटन ने आसानी से जीत हासिल कर ली। चेल्सी पूरे मैच में आक्रामक खेल नहीं दिखा पाई।मारेस्का ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, जब से मैं आया हूं, यह सबसे खराब प्रदर्शन है, खासकर ऐसे समय में जब हम अच्छे स्थान पर थे। हम लीग में चौथे स्थान पर हैं और अगर हम यह मैच जीतते, तो तीसरे स्थान से सिर्फ एक अंक दूर होते और बाकी टीमों से फासला बढ़ा सकते थे।

## कनिका और ऋचा दोनों ने शानदार पारी खेली:मिताली



**नई दिल्ली, 15 फरवरी 2025।** पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की बल्लेबाजों ऋचा घोष और कनिका आहूजा की रिकॉर्ड-तोड़ रन चेज में खेली गई धमाकेदार पारियों की सराहना की। आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर गुजरात को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बेथ मूनी (56) और कप्तान एश्ले गार्डनर (नाबाद 79) ने अर्धशतक जड़कर टीम को 20 ओवर में 201/5 का मजबूत स्कोर खड़ा करने में मदद की।

जवाब में,एलिस पेरी ने 34 गेंदों में दो छक्कों और छह चौकों की मदद से 57 रन बनाए, जबकि ऋचा ने 27 गेंदों में चार छक्कों और सात चौकों की मदद से 64 रनों की शानदार पारी खेली। कनिका ने भी 13 गेंदों में चार चौकों की मदद से नाबाद 30 रन बनाकर टीम को नौ गेंदें शेष रहते जीत दिलाई। यह डब्ल्यूपीएल के इतिहास में सबसे सफल चेज़ था क्योंकि आरसीबी ने छह विकेट की जीत के साथ अपने खिताब की रक्षा की शुरुआत की।

अमूल क्रिकेट लाइव, जियोहॉटस्टार पर विशेष रूप से बात करते हुए, मिताली राज ने बहुप्रतीक्षित सीजन् ओपनर के बारे में बताया। यह एक रिकॉर्ड तोड़ने वाली शुरुआत रही है, और यह सही भी है। पहली पारी में, हमने देखा कि एश्ले गार्डनर और डिएंड्रा डॉटिन ने 201 रनों के शानदार स्कोर के साथ नींव रखी। फिर, ऋचा घोष, कनिका आहूजा और एलिस पेरी ने लक्ष्य का पीछा करते हुए असाधारण प्रदर्शन किया। इस मैच में सब कुछ था - बड़े रन, महत्वपूर्ण साझेदारियां और उच्च तीव्रता वाला क्रिकेट। ऋचा और कनिका के बीच साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए, मिताली ने कहा, जब ऋचा घोष आई, तो उन्होंने अभी-अभी एलिस पेरी को खोया था, और कनिका आहूजा के क्रीज पर होने के कारण, दोनों ही नई बल्लेबाज़ थीं। उन्हें फिर से खेलना पड़ा, खासकर 12 रन प्रति ओवर से ज़्यादा की दर से। ऋचा घोष को कनिका ने ठोस समर्थन दिया, जिन्होंने भले ही बड़े शॉट नहीं लगाए हों, लेकिन फिर भी अच्छी तरह से लगाए गए बाउंड्री के साथ 200 से ज़्यादा की स्ट्राइक रेट बनाए रखी। बदले में, इसने ऋचा को अपना स्वाभाविक आक्रामक खेल खेलने की अनुमति दी। हमने उन्हें भारत के लिए प्रभावशाली पारियां खेलते देखा है, और आज, उन्होंने आरसीबी के लिए शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उन्हें जीत मिली। कनिका और ऋचा दोनों ने बेहतरीन पारियां खेलीं।

एश्ले गार्डनर की गेंदबाजी रणनीति का विश्लेषण करते हुए, मिताली ने कहा कि उन्होंने तेज़ गेंदबाज़ी करने की कोशिश की, लेकिन इससे ऋचा को खुलकर रन बनाने में मदद मिली और उन्होंने बाउंड्री खा ली और अंततः मैच हार गई। उन्होंने कहा, मुझे यह भी लगता है कि एश्ले गार्डनर ने ऋचा घोष और जॉर्जिया वेयरहैम के लिए अपने दो ओवर बचाए।

## ओस्टापेंको ने स्वीयाटेक को चौंकाकर फाइनल में जगह बनाई



**दोहा,15 फरवरी 2025।** इगा स्वीयाटेक के खिलाफ सेमीफाइनल में जाने से पहले, जेलेना ओस्टापेंको को मैच जीतने और शुक्रवार को कतर ओपन के फाइनल में पहुंचने का पूरा भरोसा था। ओस्टापेंको ने स्वीयाटेक के खिलाफ अपना रिकॉर्ड बरकरार रखा और सीधे सेटों में जीत के साथ लगातार पांचवीं जीत दर्ज की।पूर्व फ्रेंच ओपन विजेता ओस्टापेंको ने मैच के बाद कोर्ट पर दिए गए अपने साक्षात्कार में कहा, मुझे पूरा भरोसा था कि मैं उसे हरा दूंगी क्योंकि हमने बहुत सारे मैच खेले हैं और मुझे पता है कि उसके खिलाफ कैसे खेलना है।

## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बाद संन्यास ले सकते हैं रोहित-कोहली



**नई दिल्ली, 15 फरवरी 2025।** भारत के पूर्व खिलाड़ी आकाश चोपड़ा ने बड़ा दावा किया है कि, रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा को लेकर किया है। दरअसल,आकाश चोपड़ा का मानना है कि 2025 चैंपियंस ट्रॉफी विराट, रोहित और जडेजा के लिए आखिरी आईसीसी इवेंट हो सकता है। उन्होंने बताया कि तीनों जिस अगले आईसीसी इवेंट का हिस्सा बन सकते हैं, वह दो साल दूर है। इन तीनों ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट लिया हुआ है। ऐसे में 19 फरवरी से शुरूहो रही चैंपियंस ट्रॉफी इन तीनों दिग्गजों के लिए आखिरी आईसीसी टूर्नामेंट साबित हो सकता है।पाकिस्तान और दुबई में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया ग्रुप ए में बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ है। 20 फरवरी को दूबई में बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया को अपना पहला मुकाबला इस टूर्नामेंट में खेलना है। अपने यूट्यूब चैनल पर आकाश चोपड़ा ने कहा कि, मैं भारी मन से कह रहा हूं कि आप सही कह रहे हैं। इसकी प्रबल संभावना है। चैंपियंस ट्रॉफी होने वाली है और उसके बाद इस साल एक और आईसीसी इवेंट होगा, जो ड्ब्ल्यूटीसी फाइनल है और हम वहां नहीं पहुंचे हैं। इसलिए विराट, रोहित और रविंद्र जडेजा मेंसे कोई भी उसमें नहीं खेलेगा। पूर्व क्रिकेटर ने आगे कहा कि, उसके बाद अगले साल आईसीसी इवेंट टी20 वर्ल्ड कप है, लेकिन तीनों ने उस प्रारूप से संन्यास ले लिया है। इसलिए तीनों वहां भी नहीं खेलेंगे। वनडे वर्ल्ड कप 2027 में होगा, जो थोड़ा दूर है। 2027 तक दुनिया बहुत अलग दिखेगी। मुझे लगता है कि खिलाड़ियों को भी लगता है कि ये उनका आखिरी आईसीसी इवेंट हो सकता है। कोहली, रोहित और जडेजा ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 फाइनल जीतने के बाद रिटायरमेंट की घोषणा कर दी थी।

## टीम इंडिया में सुपरस्टार कल्चर को लेकर आर अश्विन ने दिया बयान




**नई दिल्ली,15 फरवरी 2025।** पूर्व भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भारतीय क्रिकेट में चीजों को सामान्य बनाने की जरूरत पर जोर दिया है। उनकी ये टिप्पणी टीम के अंदर सुपरस्टार कल्चर को खत्म करने की मांग के बीच आई है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के हाथों भारत की हार के बाद इस पर जोर दियागया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने तमाम तरह की पाबंदियां खिलाड़ियों पर लगाई हैं। आर अश्विन अब अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर किए गए एक वीडियो में कहा है कि खिलाड़ी एक्टर नहीं होते। उन्होंने ये भी कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम में सुपरस्टारडम को बढ़ावा नहीं दिया जाना चाहिए। तमिलनाडु के स्पिनर ने कहा कि क्रिकेटरों को ऐसा होना चाहिए जिससे आम आगे जुड़ सकें। उन्होंने आगे बढ़ने के लिए चीजों को सामान्य करने की तत्काल आवश्यकता पर भी जोर दिया है। ऑफ स्पिनर ने कहा कि, भारतीय क्रिकेट में चीजों को सामान्य बनाना अहम है। हमें भारतीय क्रिकेट टीम में सुपरस्टारडम और सुपर सेलेब्रिटीज कल्चर को बढ़ावा नहीं देना चाहिए। हमें आगे बढ़ते हुए इन सभी चीजों को सामान्य बनाना चाहिए। हम क्रिकेटर हैं। हम एक्टर या सुपरस्टार नहीं हैं। हम खिलाड़ी हैं और हमें ऐसा व्यक्ति होना चाहिए, जिससे आम लोग जुड़ सकें और जिससे वे अपनी तुलना कर सकें। उन्होंने आगे कहा कि, उदाहरण के लिए अगर आप रोहित शर्मा या विराट कोहली हैं, जिन्होंने बहुत कुछ हासिल किया है। जब आप एक और शतक लगाते हैं तो ये सिर्फ आपकी उपलब्धि के बारे में नहीं रह जाता। ये हमेशा की तरह ही होना चाहिए और हमारे लक्ष्य इन उपलब्धियों से बड़े होने चाहिए। टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने इस सुपरस्टार कल्चर को खत्म करने की ओर कदम बढ़ाया है। बीसीसीआई ने खिलाड़ियों को साफ हिदायत दी है कि अब कोई भी खिलाड़ी टीम से अलग ट्रेवल नहीं करेगा। सभी टीम बस में यात्रा करेंगे।

## हर्षवर्धन राणे ने अनाउंस की नई लव स्टोरी दीवानियत,टीजर भी आया सामने




हर्षवर्धन राणे और मावरा होकेन की सनम तेरी कमस की री-रिलीज ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी है। इसी बीच हर्षवर्धन ने एक और रोमांटिक लव स्टोरी का एलान किया है। खास बात ये है कि उन्होंने इसकी घोषणा प्यार के दिन वैलेंटाइन डे पर की है जिसमें उन्होंने वादा किया कि फिल्म रोमांचक और दिल को झकझोर देने वाली होगी। सनम तेरी कसम की अपार सफलता के बाद अब हर्षवर्धन दीवानियत लेकर आ रहे हैं। जिसकी अनाउंसमेंट उन्होंने एक शानदार मोशन पोस्टर रिलीज करते हुए की है। मोशन पोस्टर में एक खून से लथपथ हाथ में एक गुलाब का फूल है। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, हमारी अपकमिंग फिल्म की घोषणा, दीवानियत हर्षवर्धन राणे स्टारर एक दिल को झकझोर कर देने वाली म्यूजिकल लव स्टोरी, सनम तेरी कसम की री-रिलीज की ग्रैंड सक्सेस के बाद। बता दें फिल्म को 2025 को अंत तक रिलीज किए जाने की योजना है।हर्षवर्धन राणे ने आगामी फिल्म के लिए अपनी उत्सुकता दिखाते हुए कहा, मैं दर्शकों का आभारी हूं कि उन्होंने सनम तेरी कसम के लिए मुझे इतना प्यार दिया है। एक लव स्टोरी काफी पावरफुल होती है, जब मैंने दीवानियत में अपने रोल और कहानी के पागलपन, जुनून को सुना, तो मैंने तुरंत इसे अपनी अगली फिल्म के रूप में चुना।



## थप्पड़ मारूंगी... श्रीलीला के गाने के भोजपुरी वर्जन ने मचाया तहलका,रिलीज होते ही हुआ वायरल

होली का त्योहार भोजपुरी गानों के बिना अधूरा-अधूरा लगता है। फगुआ के त्योहार में भोजपुरी गाने खूब सुने जाते हैं, तभी तो भोजपुरी सिनेमा के स्टार लगातार फगुआ सॉन्ग लेकर आते रहते हैं। अब जब होली आने को है तो भोजपुरी स्टार बैक टू बैक होली गाने लेकर आ रहे हैं। अरविंद अकेला कल्लू के पिचकारी के पावर से लेकर खेसारी लाल यादव का होली सॉन्ग आप का तो टेरहा है यूट्यूब पर धूम मचा रहे हैं और अब एक और नया भोजपुरी होली सॉन्ग यूट्यूब पर धूम मचा रहा है।

### यूट्यूब पर छाया नया होली सॉन्ग

यूट्यूब पर समर सिंह का नया फगुआ सॉन्ग भी जारी किया जा चुका है, जो अब सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। इस गाने को रिलीज हुए अभी 2 दिन ही हुए हैं और इसने यूट्यूब पर 8 लाख से ज्यादा व्यूज बटोर लिए हैं। समर सिंह के भोजपुरी फगुआ सॉन्ग के बोल हैं थप्पड़ मारूंगी, जिसे पहली बार सुनने पर पुष्पा 2 के थप्पड़ मारूंगी की याद आ जाती है, जिस पर श्रीलीला ने अपने डांस मूव्ज से तहलका मचा दिया था।

### 2 ही दिन में पार कर लिया 2.5 मिलियन व्यूज का आंकड़ा

समर सिंह के इस भोजपुरी फगुआ गाने को टी-सीरीज हमार भोजपुरी नाम के यूट्यूब चैनल से शेयर किया गया है, जिसने 2 ही दिन में 2.5 मिलियन व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। जिसमें होली के रंग और ढेर सारा रोमांस देखने को मिल रहा है। यूजर कमेंट करते हुए गाने पर रिएक्ट कर रहे हैं और समर सिंह के गाने की तारीफों के पुल बांध रहे हैं।

### थप्पड़ मारूंगी ने मचाई धूम

थप्पड़ मारूंगी की बात करें तो इसे समर सिंह और खुशबू तिवारी ने मिलकर आवाज दी है। जबकि, गाने के लिरिक्स अलोक यादव ने लिखे हैं और म्यूजिक दिया है एडीआर आनंद ने। म्यूजिक वीडियो के डायरेक्टर आशीष सत्यार्थी हैं और एडिटर पप्पू वर्मा और रवि यादव हैं।

## मोनालिसा के बदले तेवर



### तोहफे में मिला हीरे का जेवर करोड़ों की गाड़ी में बैठ इतराई वायरल गर्ल

महाकुंभ मेले में माला बेचने पहुंची सांवली-सलोनी मोनालिसा जल्दी ही अपने बॉलीवुड डेब्यू के लिए तैयार है। अपनी पहली फिल्म के लिए मोनालिसा ने एक्टिंग क्लास लेने से लेकर पढ़ना-लिखना भी शुरू कर दिया है। महाकुंभ की वायरल गर्ल को डायरेक्टर सनोज मिश्रा फिल्मों में लॉन्च करने वाले हैं। इस बीच मोनालिसा, सनोज मिश्रा के साथ एक इवेंट में शामिल होने के लिए केरल गई, जहां वह बेहद बदले-बदले अंदाज में नजर आई।

### इवेंट में शामिल होने केरल पहुंची मोनालिसा

महाकुंभ मेले से अपनी कत्थई आंखों और खूबसूरती को लेकर चर्चा में आई मोनालिसा का अब मेकओवर हो चुका है। केरल में एक इवेंट में शामिल होने पहुंची मोनालिसा यहां गुलाबी लहंगे में नजर आई, जिसमें वह बला की खूबसूरत लग रही थी। हमेशा बंधे बालों में नजर आने वाली मोनालिसा ने अपने बालों को खुला छोड़ा था और कर्ल किया था। वेवी हेयर और हल्के मेकअप में वायरल गर्ल काफी खुश भी लगी।

### करोड़ों की कार में सवार होकर इवेंट में पहुंची मोनालिसा

इस दौरान मोनालिसा ने केरल से लेकर इवेंट तक में खुद को प्रेजेंट करने में कोई कमी नहीं छोड़ी। करोड़ों की कार में सवार होकर वायरल गर्ल इवेंट में पहुंची, जिसे देखते ही उसके साथ सेल्फी लेने के लिए लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। इस एक्सपोजर को लेकर मोनालिसा काफी खुश भी दिखी। केरल इवेंट मोनालिसा के कई वीडियो सामने आए हैं, जिसमें उसे लोगों के साथ सेल्फी लेते, अपनी खुशी का इजहार करते देखा जा सकता है।

### मोनालिसा को गिफ्ट में मिला डायमंड नेकलेस

इस दौरान मोनालिसा को ढेरों तोहफे भी मिले, जिनमें एक डायमंड नेकलेस भी दिखाई दिया।

# निगम और नगरीय निकाय चुनाव में बीजेपी ने मारी बाजी







## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### आचार संहिता का प्रभाव शून्य

**रायपुर,15 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ में नगरपालिकाओं के महापौर,अध्यक्ष और पार्षद पदों के चुनाव और उप चुनाव 2025 के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 20 जनवरी 2025 को चुनाव कार्यक्रम जारी किया गया था। कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संबंधित नगरीय क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावी हो गई थी। प्रदेश के 173 नगरीय निकायों में 11 फरवरी को मतदान संपन्न हुआ। आज 15 फरवरी को मतगणना पूर्ण होने के बाद, राज्य निर्वाचन आयोग ने केवल नगरपालिकाओं के निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता को प्रभावशून्य घोषित कर दिया है।





### कांग्रेस प्रवक्ता अभय नारायण पार्टी से निष्कासित

#### निकाय चुनाव में भितरघात, 6 नेता 6 साल के लिए निकाले गए

**बिलासपुर,15 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ में निकाय चुनाव के रिजल्ट आने से पहले कांग्रेस ने चुनाव में भितरघात और विरोध करने वाले नेताओं के खिलाफ बिलासपुर में बड़ी कार्रवाई की है। पार्टी ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभय नारायण राय, महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सीमा पांडेय समेत 6 नेताओं को 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है।



### नक्सली हिड़मा माड़वी ढेर




#### एक करोड़ रुपए से ज्यादा के इनामी भी मारे गए

**बीजापुर,15 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में हुए एनकाउंटर में नक्सली हिड़मा माड़वी भी ढेर हुआ है. इसके साथ ही एक करोड़ रुपए से ज्यादा के इनामी नक्सली मारे गए हैं.पुलिस ने 28 नक्सलियों की पहचान कर सूची भी जारी कर दी है

### तीन बांग्लादेशियों के एटीएस की गिरफ्त में आते ही पत्नी-बेटे को छोड़कर भागा सरगना

**रायपुर,15 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में लंबे समय से फर्जी दस्तावेज के जरिए रह रहे तीन बांग्लादेशी भाइयों के गिरफ्त में आने की खबर लगते ही सरगना शेख अली बीते रविवार से गायब है।वह पैसे लेकर फर्जी वोटर आईडी, आधार कार्ड, पैनकार्ड, स्कूली शिक्षा का प्रमाणपत्र, जन्म प्रमाणपत्र, पासपोर्ट, वीजा आदि बनवाकर कई लोगों को दुबई, बगदाद (इराक) और सीरिया भेज चुका है। मगर, इस बार सगे भाई मो. इस्माइल, शेख अकबर और शेख साजन का जन्मप्रमाण पत्र बनवाने के चक्कर में फंस गया।




### अलग-अलग विभाग में नौकरी का झांसा देकर की ठगी,गिरफ्तार

**रायपुर,15 फरवरी 2025 (ए)।** प्रार्थिया अंजना गहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि माह फरवरी 2021 को यह अपने परिवार के साथ मौसा मौसी देवेन्द्र जोशी एवं झगीता जोशी के घर आई थी। जहां बातचीत के दौरान इसके द्वारा नौकरी करने की इच्छा जाहिर करने पर देवेन्द्र जोशी एवं उसकी पत्नी के द्वारा बे` अधिकारी से जान पहचान है जो सेटिंग कर सरकारी नौकरी लगाते है शासन में बे` अधिकारी है उनके माध्यम से सेटिंग होना बताकर प्रार्थिया एवं गजेन्द्र लहरे, कुणाल देव, भुनेश्वर सोनवानी तथा अन्य से 25-25 लाख रूपये लेकर नौकरी नही लगाकर धोखाधे ी किये है।
प्रार्थिया के रिपोर्ट पर थाना सिविल लाईन में अपराध क्रमांक 54/2025 धारा 420, 467, 468, 471, 34 भादवि. दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



### नक्सलियों ने किया बड़ा धमाका,जवान हुआ घायल

**बीजापुर,15 फरवरी 2025 (ए)।** बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक के नम्बी कैम्प से कुछ दूर पर प्रेशर आईईडी के ब्लास्ट होने से कोबरा का एक जवान जख्मी हो गया है। उसे रायपुर भेजा गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक के उसूर थाना के नम्बी कैम्प से कोबरा 202 की टीम एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी। ड्यूटी के दौरान नक्सलियों के द्वारा प्लांट की गई प्रेशर आईईडी के ब्लास्ट होने से इसकी जद में आकर कोबरा 202 का जवान आरक्षक अरुण कुमार यादव जख्मी हो गया। घायल जवान को बीजापुर लाया गया, यहां से उसे बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है। घायल जवान की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

## छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय में भाजपा की बड़ी जीत पर सीएम साय ने ली प्रेसवार्ता

आज का दिन राजनीति के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के इतिहास में स्वर्णाक्षरों से लिखा जाएगा। भारतीय जनता पार्टी को नगरीय निकाय चुनाव में ऐतिहासिक सफलता मिली है। यह प्रचंड जीत यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मोदी की गारंटी, तेरह महीने में हमारी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों और भारतीय जनता पार्टी पर जनता के अटूट विश्वास की जीत है। इस ऐतिहासिक जीत के लिए प्रदेश की देवतुल्य जनता का सहृदय आभार।
नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक जीत में अपना महती योगदान देने वाले पार्टी के शीर्ष नेताओं, माननीय मंत्रीगणों, सांसद-विधायक साथियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं देवतुल्य कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार।
मुख्यमंत्री होने के नाते मैं प्रदेश की देवतुल्य जनता को आश्वस्त करता हूं कि जिस तरह हम मोदी की गारंटी के सभी वादे को पूरा कर रहे हैं, ठीक उसी तरह अटल विश्वास पत्र के एक-एक वादे को हमारी सरकार पूरा करेगी।



छत्तीसगढ़ नगर निकाय चुनाव के नतीजे शनिवार को आ गए। राज्य के कुल 10 निगम, 49 नगरपालिका और 113 नगर पंचायतों पर 11 जनवरी को चुनाव हुए थे। बीजेपी ने सभी 10 नगर निगम में जीत दर्ज की है। यहां कांग्रेस का सूफड़ा साफ हो गया। वही,राज्य की 49 नगर पालिकाओं में से भाजपा के खाते में 35 गई हैं। कांग्रेस ने 8 पर जीतीं। आप ने बिलासपुर की बोधरी नगर पालिका में जीत दर्ज की। निकाय चुनाव में आप की यह पहली जीत है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने पूर्व मेयर एजाज ढेबर की हार पर कहा कि जो जैसा करेगा वैसा भरेगा,जनता ने कांग्रेस को कह दिया है कि अब भी मौका है सुधर जाओ नहीं तो जनता सुधार देगी।

- » छत्तीसगढ़ के सभी 10 निगमों में बीजेपी के महापौर...
- » निकाय चुनावों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ...
- » छत्तीसगढ़ में बीजेपी को मिली प्रचंड जीत
- » 10 नगर निगमों में मेयर चुनाव जीती बीजेपी
- » 49 में से 36 नगर पालिकाओं में भी मिली जीत
- » आम आदमी पार्टी का भी छत्तीसगढ़ में खुला खाता

**रायपुर,15 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनावों के परिणाम घोषित हो गए हैं। वोट काउंटिंग में शुरूआत से ही बीजेपी ने ताबड़तोड़ तरीके से कांग्रेस का सफाया कर दिया। छत्तीसगढ़ की 10 नगर पालिक निगम की सीटों में सभी पर भारतीय जनता पार्टी ने जीत दर्ज की है। 49 नगर पालिका की सीटों में 36 बीजेपी 8 कांग्रेस और 5 अन्य के पास आई है। 114 नगर पंचायत के परिणाम के रूझान आ रहे हैं। पहली बार ईवीएम के माध्यम यह नगर निकाय चुनाव कराया गया था। नगर पालिकाओं में मतदाताओं की बात की जाए तो 2200525 पुरुष और 2273232 महिला मतदाता हैं। नगर पालिकाओं के लिए कुल मतदान केंद्र 5 हजार 970, जिनमें से 1531 संवेदनशील और 132 अति संवेदनशील हैं। प्रशासन ने सुरक्षा के इंतेजाम किए थे।

### रायपुर बीजेपी महापौर प्रत्याशी ने रचा इतिहास

रायपुर नगर निकाय से भाजपा की महापौर प्रत्याशी मिनल चौबे ने इतिहास रच दिया है। मीनल चौबे 1 लाख 53 हजार 290 वोटों से जीती हैं। उन्हें कुल 315835 वोट मिले हैं। मीनल चौबे ने अब तक की सबसे बड़ी जीत दर्ज की है।

### कोरबा और बिलासपुर में बड़े अंतर से जीती भाजपा

कोरबा में बीजेपी प्रत्याशी संजू देवी ने कांग्रेस की उषा देवी को 52000 वोट से हरा दिया है। वहीं बिलासपुर में पूजा विधानी ने कांगेस के प्रमोद नायक को 66,179 वोट से हरा दिया है। भाजपा में जश्न का माहौल है। वहीं कांग्रेस का छत्तीसगढ़ से हर प्रकार से सफाया होता जा रहा है।

### यह हमारे सुशासन की जीत है- बीजेपी महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे



छत्तीसगढ़ निकाय चुनाव में जीत का जश्न मनाते हुए भाजपा महापौर प्रत्याशी मीनल चौबे ने कहा कि यह हमारे सुशासन की जीत है। सभी ने बहुत मेहनत की है। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का काम लोगों को पसंद आया है इसलिए हम इतने बहुमत से जीते हैं।

### डेप्युटी सीएम विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ नगर निकाय चुनाव की जीत को जनता की जीत बताया



छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नगर निकाय चुनाव में जीत को लेकर कहा कि पूरे राज्य में सभी नगर निगमों और अधिकतम नगर निकायों में भाजपा के प्रत्याशी प्रचंड मतों से जीतकर आ रहे हैं। यह जनता की जीत है, यह भाजपा के कार्यकर्ताओं की जीत है। सरकार के कार्यों पर जनता की मुहर लगी है।

### कांग्रेस अब ईव्हीएम का रोना रोएगी : गृहमंत्री विजय शर्मा

निकाय चुनाव 2025 में कांग्रेस की बुरी तरह से हार हुई है। मीडिया से बातचीत में गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, कांग्रेस ईव्हीएम रोना रोएगी! छत्तीसगढ़ के 0 नगर निगम में भाजपा ने कब्जा कर लिया है।

### बिलासपुर नगर निकाय चुनाव में बीजेपी मेयर पूजा विधानी को मिली जीत



छत्तीसगढ़ में भाजपा प्रत्याशी पूजा विधानी ने 62000 वोटों से अपनी प्रतिद्वंद्वी को हराया। इतने बड़े अंतर को देखते हुए कार्यकर्ताओं ने वहां जश्न मनाना शुरू कर दिया है।

### जगदलपुर महापौर सीट पर बीजेपी प्रत्याशी संजय पांडे जीते

### रायगढ़ नगर निगम में बीजेपी की जीत

### धमतरी में बीजेपी 34 हजार वोटो से जीती



छत्तीसगढ़ के धमतरी नगर निगम चुनाव में भाजपा को एकतरफा जीत मिली है। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी जगदीश रामू मेहरा ने 34 हजार वोटों के अंतर से जीत दर्ज की है। यहां कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी का नामांकन रद्द हो गया था, जिसके कारण बीजेपी को शुरूआत से ही लीड मिली।

### यह जीत भाजपा ऐतिहासिक जीत की :सीएम विष्णुदेव साय

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की जीत के बीच सीएम साय का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि यह जीतबीजेपी ऐतिहासिक जीत की रही है। उन्होंने जनमत के लिए प्रदेश के मतदाताओं का आभार जताया है। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की भी जमकर तारीफ की है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार के कार्यों से जो जन विश्वास बढ़ा, वह जनादेश में बदलता दिख रहा है। हम और अधिक उत्साह के साथ जनाआकांक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।
बोदरी नगरपालिका में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी की जीत छत्तीसगढ़ में नगर निकाय चुनाव रिजल्ट आ रहा है। इसी बीच बीजेपी के विधानसभा स्पीकर धर्मराज कौशिक के सीट पर भाजपा उम्मीदवार को हरा कर आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार नीलम विजय वर्मा ने जीत दर्ज की है। उन्होंने बिलासपुर की सबसे बड़ी नगर पालिका बोदरी नगरपालिका अध्यक्ष की सीट को अपने नाम कर लिया है।

### अंबिकापुर,जगदलपुर, चिरमिरी और राजनांदगांव में बीजेपी की जीत

छत्तीसगढ़ के नगर निकाय चुनाव में बीजेपी के जीत की बैक-टू-बैक घोषणाएं हो रही हैं। कहीं कांटे की टक्कर तो कहीं एकतरफा मुकाबला अब भी जारी है। इसी बीच अंबिकापुर, जगदलपुर, चिरमिरी और राजनांदगांव में बीजेपी ने जीत दर्ज करा ली है।

### ढोल नगाड़े और आतिशबाजी से बीजेपी कार्यकर्ता मनाते दिखे जश्न

छत्तीसगढ़ निकाय चुनाव रिजल्ट 2025 में बंपर जीत दर्ज करा रही सत्ताधारी भाजपा सरकार के कार्यकर्ता जश्न में डूब गए हैं। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता आतिशबाजी कर और एक दूसरे के साथ ढोल नगाड़ों पर नाचते नजर आ रहे हैं। नेता से लेकर कार्यकर्ता सभी एक दूसरे को मिठाई खिलाकर निकाय चुनाव की जीत के सेलिब्रेट कर रहे हैं।

### चाय वाले जीवर्धन चौहान को मेयर चुनाव जीतने पर मिला सर्टिफिकेट

चाय वाले जीवर्धन चौहान को मेयर चुनाव जीतने पर सर्टिफिकेट मिला। ओपी चौधरी ने कहा, 61त्न वोट शेयर के साथ चाय वाले ... स को मिले महज 23प्रतिशत वोट कुल 92300 वोटों में कांग्रेस को मिले मात्र 21900 वोट। बता दें कि रायगढ़ नगर निगम में बीजेपी मेयर प्रत्याशी जीवर्धन चौहान जीत गए हैं। उन्होंने कांग्रेस की जानकी काटजू को 34 हजार वोटों से हराया है। वहीं 33 वार्डों में बीजेपी को जीत मिली है। 12 वार्डों में कांग्रेस ने जीत का परचम लहराया है। वहीं एक वार्ड में बसपा प्रत्याशी ने जीत हासिल की है। 2 सीट निर्दलीय को मिली है।



### मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल की बहू चुनाव हारी

#### कांग्रेस प्रत्याशी ने इतने वोटों से दी मात, इस निकाय से अजमा रहे थे किस्मत



झगराखांड से स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल की बहू चुनाव हार गईं हैं। कांग्रेस की रीमा ने चंपा जायसवाल को 44 वोट से हराया है। चंपा जायसवाल मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के भांजे उमेश जायसवाल की पत्नी हैं

### कोरबा नगर निगम में बीजेपी की जीत

छत्तीसगढ़ के कोरबा नगर निगम में बीजेपी प्रत्याशी संजू देव राजपूत ने जीत दर्ज की है। भाजपा के संजू देव राजपूत के सामने कांग्रेस ने उषा तिवारी को चुनावी मैदान में उतारा था। 2024 तक कांग्रेस से राजकिशोर प्रसाद महापौर रहे लेकिन अब इस बार भारतीय जनता पार्टी ने अपना जलवा कायम कर लिया है।

### 15 साल बाद रायपुर नगर निगम में बीजेपी की जीत

छत्तीसगढ़ नगर निकाय चुनाव के रिजल्ट में बीजेपी ने एक और जीत अपने नाम की है। राजधानी रायपुर से भाजपा उम्मीदवार मीनल चौबे ने बड़े अंतर से कांग्रेस उम्मीदवार दीप्ति दुबे को हरा दिया है। इस जीत के बाद पूर प्रदेश में सियासी हलचल तेज हो गई है। वहीं भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में जमकर जश्न मनाने में जुटी हुई है।

### चिरमिरी नगर निगम में 5692 वोटों से जीती भाजपा

छत्तीसगढ़ नगर निकाय चुनाव में बीजेपी के हाथ एक और जीत लगी है। नगर निगम चिरमिरी से भाजपा महापौर प्रत्याशी राम नरेश राय ने 5692 वोटो से जीत हासिल की है। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व विधायक विनय जायसवाल को हराया है। यह कांग्रेस के लिए एक बड़ा झटका है।

### कुनकरी नगर पंचायत में बीजेपी को बड़ा झटका

छत्तीसगढ़ की कुनकरी नगर पंचायत में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा है। कुनकरी विधानसभा सीट से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विधायक हैं। इसके बाद भी कुनकरी नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर कांग्रेस कब्जा करने में सफल रही है।

### भूपेश के गढ़ में लहराया बीजेपी का भगवा

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव में कई चौंकाने वाले परिणाम सामने आ रहे हैं। ताजा परिणाम पाटन नगर पंचायत का है। इसे पूर्व सीएम भूपेश बघेल का गढ़ माना जाता है। कांग्रेस को यहां हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा प्रत्याशी योगेश निक्की भाले ने 601 वोटों से जीत दर्ज की है।

### जगदलपुर मेयर चुनाव जीते भाजपा के संजय पांडे

छत्तीसगढ़ की जगदलपुर नगर निगम में भाजपा के प्रत्याशी संजय पांडे ने बड़ी जीत दर्ज कर ली है। भाजपा कार्यालय में लगातार जीतों से जश्न का माहौल है। उन्होंने कांग्रेस के प्रबल दावेदार मलकीत सिंह गैदू को चुनाव में हरा दिया है।

### छत्तीसगढ़ निकाय चुनाव के परिणाम देख बीजेपी कार्यालय में जश्न का माहौल

छत्तीसगढ़ निकाय चुनाव में भाजपा की एकतरफा जीत पर प्रदेश बीजेपी कार्यालय में जश्न शुरू हो गया है। इस मौके पर पूर्व मंत्री राजेश मूणत, प्रवक्ता संदीप शर्मा, मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल, वरिष्ठ नेता अशोक बजाज और जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर सहित कई दिग्गज नेता एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए नजर आ रहे हैं।
लोरमी नगर पालिका का परिणाम छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव के विधानसभा क्षेत्र लोरमी का परिणाम आया सामने। भाजपा के उम्मीदवार सुजीत वर्मा ने 2458 वोटों से अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की है। वहीं वार्डों के परिणाम की बात करें तो लोरमी के 11 वार्डों में भाजपा की जीत हुई है। 6 में कांग्रेस और 1 में निर्दलीय प्रत्याशी की जीत हुई है।

### स्तर नगर पंचायत के वार्ड 13 में बीजेपी और कांग्रेस में टाई

जगदलपुर की नगर पंचायत बस्तर में मतगणना पूरी हो गई है। यहां 15 वार्डों में 8 पर कांग्रेस तो 6 पर भाजपा पार्षदों ने जीत दर्ज की है। वहीं एक पर टाई हुआ है। वार्ड क्रमांक 13 में भाजपा और कांग्रेस में टाई हो गया है। दोनों प्रत्याशियों को 152-152 वोट मिले हैं।

### कांकेर नगर पालिका में बीजेपी की जीत

कांकेर नगर पालिका चुनाव 2025 में बीजेपी के अरुण कौशिक ने जीत दर्ज कर ली है। कांकेर नगर पालिका सीट पर पहली बार बीजेपी का कब्जा हुआ है। कांग्रेस नगर पालिका बनने के बाद से लगातार जीत रही थी। भाजपा उम्मीदवार ने कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है।

### कहां कहां कांग्रेस और बीजेपी जीते

कसडोल नगर पंचायत में बीजेपी की जीत मिली है
कुनकुरी नगर पंचायत में कांग्रेस की जीत दर्ज की है
अंबागढ़ चौकी नगर पंचायत में निर्दलीय की जीत हुई है
पखांजूर नगर पंचायत में बीजेपी की जीत
रायगढ़ नगर पंचायत में कांग्रेस की जीत
सिमगा नगर पालिका में निर्दलीय की जीत
महासमुंद पिथौरा नगर पंचायत में बीजेपी की जीत

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)